मुंबई, जबलपुर, कटनी, भोपाल, मंडला, रायपुर, इंदौर, दिल्ली, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष-2 अंक-170 ● मुंबई ● शुक्रवार, 6 नवम्बर, 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2083

हंसकर काम करो ताकि मन हल्का रहे। तनाव के साथ काम आगे नहीं बढ़ता।

ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

डेमोक्रेट्स ने खोला मोर्चा; परिवार की संपत्ति और एपस्टीन मामले की होगी जांच

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा झटका लगने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग की संभावनाओं पर काम शुरू कर दिया है। डेमोक्रेट्स का आरोप है कि ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद की शक्तियों का इस्तेमाल अपने परिवार और करीबियों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए किया। विपक्ष अब उनके परिवार की संपत्ति में हुई बढ़ोतरी, कारोबारी सौदों और जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में प्रशासन की भूमिका की जांच कराने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होने और राष्ट्रपति को पद से हटाए जाने के बीच संवैधानिक रूप से कई महत्वपूर्ण चरण हैं।



न्यूज एजेंसी के मुताबिक, डेमोक्रेटिक सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने कहा है कि वे इस बात की जांच करेंगे कि राष्ट्रपति पद पर रहते हुए ट्रम्प और उनके परिवार की संपत्ति किस तरह बढ़ी। जांच के दायरे में ट्रम्प के बेटे और उनके दामाद जेरेड कुशनर के कारोबारी सौदे भी होंगे। गार्सिया ने जांच के लिए पांच प्रमुख मुद्दे तय किए हैं। इनमें ट्रम्प परिवार के व्यावसायिक लेनदेन, एपस्टीन मामले की जांच में ट्रम्प प्रशासन की भूमिका और अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी की छापेमारी एवं कार्रवाई शामिल हैं। विपक्ष का कहना है कि सरकारी शक्तियों के दुरुपयोग और प्रशासनिक फैसलों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।मिडटर्म चुनाव के नतीजों ने डेमोक्रेट्स को राजनीतिक रूप से मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। प्रतिनिधि सभा की 435 सीटों में से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 242 और रिपब्लिकन ने 151 सीटें जीती हैं, जबकि 42 सीटों पर मतगणना जारी बताई गई है। वहीं सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए। उपलब्ध नतीजों में डेमोक्रेट्स को 20 और रिपब्लिकन को 13 सीटें मिली हैं। दो सीटों के परिणाम बाकी हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सीनेट में भी डेमोक्रेट्स की स्थिति मजबूत बताई गई है। गवर्नर चुनाव में भी 34 राज्यों के नतीजे आ चुके हैं, जिनमें डेमोक्रेट्स ने 22 और रिपब्लिकन ने 12 सीटें जीती हैं।

ब्लड बैंकों पर एफडीए की सख्ती

सात महीने में 40 के लाइसेंस निलंबित

मुंबई, यश भारत। मरीजों को सुरक्षित रक्त और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने राज्यभर में निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में **मुंबई के कूपर अस्पताल के ब्लड बैंक का लाइसेंस दो दिनों के लिए निलंबित किया गया है। अप्रैल से अक्टूबर 2026 के बीच सात महीनों में 190 ब्लड बैंकों की जांच के बाद पांच के लाइसेंस रद्द और 40 के निलंबित किए गए। इसी दौरान 219 ब्लड स्टोरेज सेंटरों की जांच में 13 के लाइसेंस रद्द और 37 निलंबित हुए।**

कूपर अस्पताल के ब्लड बैंक पर भी कार्रवाई



एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे के अनुसार, अप्रैल से अक्टूबर तक दवा निर्माण और बिक्री प्रतिष्ठानों के 7,950 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 555 लाइसेंस रद्द और 2,074 निलंबित किए गए। अकेले अक्टूबर में 1,986 निरीक्षणों के दौरान 544 लाइसेंसों पर कार्रवाई हुई।अक्टूबर में 11 छापेमारी अभियानों में 34.51 लाख रुपए की दवाएं और कॉस्मेटिक उत्पाद जब्त किए गए। नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुंबई के आईएनएचएस अश्विनी में नकली दवाएं मिलने पर एक लाख रुपए से अधिक का स्टॉक जब्त हुआ। नागपुर में 22 लाख रुपए से अधिक की बिना लाइसेंस रखी दवाएं और पुणे में 4.05 लाख रुपए के अवैध कॉस्मेटिक साबुन भी पकड़े गए।

अक्टूबर में 544 लाइसेंस रद्द और निलंबित किए



इंटरनेशनल फुटबॉल से रोनाल्डो का संन्यास

लिस्बन, एजेंसी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। 41 साल की उम्र में उनके इस फैसले के साथ ही पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए उनका 23 साल लंबा शानदार सफर समाप्त हो जाएगा। रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की प्रतिष्ठित नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। उनके संन्यास के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के एक ऐसे अध्याय का अंत होगा, जिसमें उन्होंने गोल, रिकॉर्ड और उपलब्धियों के मामले में पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। रोनाल्डो ने 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम से अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उस समय उनकी उम्र महज 18 साल थी। शुरुआती दौर में अपनी रफ्तार, शानदार ड्रिब्लिंग और गोल करने की क्षमता से पहचान बनाने वाले रोनाल्डो ने धीरे-धीरे खुद को दुनिया के सबसे प्रभावशाली फुटबॉल खिलाड़ियों में स्थापित कर लिया। 23 वर्षों के दौरान उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले और 146 गोल दागे।

अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। इसके अलावा उन्होंने 46 गोल में असिस्ट देकर अपने साथियों को गोल करने में मदद की।

तमिलनाडु-केरल में ईडी की 11 जगह छापेमारी, को-ऑपरेटिव सोसायटी में करोड़ों की हेराफेरी का आरोप

नई दिल्ली ईएमएस। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु और केरल में 11 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई भारत लजना मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी और उसके प्रमोटर आर. प्रेमकुमार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई। ईडी की कोच्चि यूनिट ने पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की। प्रेमकुमार सोसायटी के संस्थापक सदस्य होने के साथ वास्तविक चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं। आरोप है कि उन्होंने सोसायटी में लोगों द्वारा जमा कराई गई करोड़ों रुपये की रकम अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई। जांच एजेंसी का यह भी आरोप है कि सोसायटी का रागम थिएटर गिरवी रखकर प्राप्त रकम संस्था के खाते में जमा नहीं कराई गई।

फ्रांस में ब्लड बैंक का कूलिंग सिस्टम हैक, खून को 110 डिग्री तक गर्म करने की कोशिश

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस में साइबर हमले की एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। हैकर्स ने सरकारी ब्लड बैंक के कोल्ड स्टोरेज सिस्टम में सेंध लगाकर फ्रीजर का तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक करने की कोशिश की। इस साजिश का मकसद खून और प्लाज्मा के सुरक्षित भंडारण को नुकसान पहुंचाना था। हालांकि, समय रहते अलार्म सिस्टम ने तापमान में असामान्य बदलाव पकड़ लिया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। राहत की बात यह रही कि ब्लड बैंक में रखे खून और प्लाज्मा के नमूनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। फ्रांस के साप्ताहिक अखबार %ले कनार आंचेने% ने बुधवार को सबसे पहले इस साइबर हमले का खुलासा किया।

16 नवंबर से सिंधुदुर्ग-नवी मुंबई के बीच

रोजाना विमान सेवा बुकिंग शुरू



मुंबई, यश भारत। कोकणवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सिंधुदुर्ग के चिपी एयरपोर्ट से नवी मुंबई के बीच 16 नवंबर 2026 से नियमित विमान सेवा शुरू होने जा रही है। फ्लाई91 एयरलाइंस ने इस मार्ग के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी है।खास बात यह है कि यात्रियों को सप्ताह के सातों दिन विमान सेवा उपलब्ध होगी।पालकमंत्री नितेश राणे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए यात्रियों और पर्यटकों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने 'येवा, कोकण आपलोच आसा!' कहकर पर्यटकों का कोकण में स्वागत किया।इस विमान सेवा के शुरू होने से सिंधुदुर्ग और नवी मुंबई के बीच यात्रा आसान और तेज होगी। इससे कोकणवासियों, पर्यटकों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही सिंधुदुर्ग के पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलने के साथ मुंबई महानगर क्षेत्र से जिले की हवाई कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।

दिल्ली में निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत ढही, दो की मौत, 4 घायल

मलबे में 15 लोगों के दबे होने की आशंका



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, मलबे में करीब 15 लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल, पुलिस, एनडीआरएफ और अन्य बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 9:50 बजे हुआ। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। इमारत के आसपास की गलियों में रास्ता काफी संकरा होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी आ रही है। इसके बावजूद बचाव दल मलबे को हटाकर उसमें फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। घटनास्थल को पुलिस ने घेराबंदी कर सील कर दिया है और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इमारत में पिछले कुछ समय से निर्माण कार्य चल रहा था। करीब 15 दिन पहले निर्माण कार्य रोक दिया गया था। हादसे के वक्त मजदूर छत के नीचे लगाए गए सपोर्ट सिस्टम को हटा रहे थे। इसी दौरान पूरी इमारत अचानक ढह गई। एमसीडी के एक अधिकारी के मुताबिक, निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप नहीं थी और उसे ठीक से सेट भी नहीं किया गया था। प्रारंभिक तौर पर इसे हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा।

हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित

कांग्रेस की 100 से ज्यादा खामियों की आपत्तियां खारिज

हेमंत कटारे बोले- हाईकोर्ट में चुनौती देंगे



भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हो गए हैं। उनके निर्वाचन के साथ ही प्रदेश में राज्यसभा की 11 सीटों का राजनीतिक समीकरण भी बदल गया है। अब मध्यप्रदेश से राज्यसभा में भाजपा के 10 और कांग्रेस का एक सदस्य रहेगा। इससे पहले भाजपा के नौ और कांग्रेस के दो सदस्य थे। पुरी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के साथ ही भाजपा ने प्रदेश में राज्यसभा की एक और सीट पर कब्जा जमा लिया है।पुरी के नामांकन को लेकर कांग्रेस ने शुरुआत से ही सवाल खड़े किए थे। पार्टी ने उनके नामांकन और शपथपत्र में 100 से अधिक कमियां होने का दावा करते हुए निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आपत्तियां दर्ज कराई थीं। कांग्रेस ने विशेष रूप से शपथपत्र में पत्नी के नाम का उल्लेख नहीं होने, विदेशों में स्थित संपत्तियों का विवरण अमेरिकी डॉलर और स्विस फ्रैंक में दिए जाने तथा जेनेवा स्थित संपत्ति और विदेशी बैंक खातों की जानकारी को लेकर सवाल उठाए थे। इसके अलावा नोटरी सत्यापन और शपथपत्र प्रमाणित करने की प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताई गई थी। हालांकि, रिटर्निंग ऑफिसर उमेश कुमार शर्मा ने सभी आपत्तियों को खारिज करते हुए पुरी के नामांकन को वैध माना।



सब्जियों के बीच रैंप वॉक

वसई के बाजार में अनोखे फैशन शो ने खींचा लोगों का ध्यान

मुंबई, यश भारत। फैशन शो का नाम आते ही भव्य मंच और चमकदार रोशनी का ख्याल आता है, लेकिन वसई के एक सब्जी बाजार में आयोजित अनोखे फैशन शो ने सबका ध्यान खींच लिया। यहां सब्जियों से सजे बाजार के बीच मॉडल आकर्षक परिधानों में रैंप वॉक करते नजर आए। कुछ मॉडलों ने हाथों में सब्जियां लेकर भी अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।इस अनूठे फैशन शो का आयोजन विजन वोग अकादमी ने किया। फैशन डिजाइनर कैरिसा डी'ब्रेटो के तैयार किए परिधानों को मॉडलों ने प्रदर्शित किया। उनका उद्देश्य आधुनिक फैशन को आम जनजीवन, प्रकृति और स्थानीय संस्कृति से जोड़ना था।डी'ब्रेटो के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय ब्रांड जहां आलीशान जगहों पर फैशन शो करते हैं, वहीं उनकी टीम ने वसई के लोकप्रिय सब्जी बाजार को मंच बनाया। अकादमी की शुरुआत भी वसई से हुई थी। मुंबई के अंधेरी स्थित अकादमी की टीम अब पालघर और आसपास के क्षेत्रों में भी ऐसे रचनात्मक आयोजन करेगी।

पीओके में पाकिस्तानी सेना की अंधाधुंध फायरिंग, 7 की मौत, 18 गंभीर घायल

रावलकोट, एजेंसी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में गुरुवार को हालात हिंसक हो गए। रावलकोट में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कथित गोलीबारी में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रदर्शनकारियों पर हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें कार्रवाई के बाद के दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है।यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ भारी बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पार्टी के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने के लिए भारी मशीनगनों, ड्रोन और बख्तरबंद वाहनों का इस्तेमाल किया गया।

मुंबई में एनएसजी कमांडो का मॉक ड्रिल

समुद्री आतंकी घुसपैठ से निपटने की तैयारी को परखा



मुंबई, यश भारत। मुंबई और महाराष्ट्र के समुद्री तटों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), नौसेना, तटरक्षक बल और महाराष्ट्र पुलिस सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त मॉक ड्रिल की। दो दिवसीय 'सागर कवच-02/26' अभ्यास में 4,800 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य समुद्री रास्ते से आतंकी घुसपैठ और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर संभावित हमलों से निपटने की तैयारियों को परखना था।

मुंबई के माझगांव डॉकयार्ड में एनएसजी की सामरिक टीम और तटरक्षक बल की रैपिड रिएक्शन टीम ने संयुक्त अभ्यास किया। वहीं, गिरगांव चौपाटी के अलावा पालघर, अलीबाग और रेवदंडा जैसे संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों में भी सुरक्षा अभ्यास किया गया।इस दौरान विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई की क्षमता का परीक्षण हुआ। अभ्यास में नौसेना, तटरक्षक बल, महाराष्ट्र एटीएस, सीआईएसएफ और खुफिया एजेंसियों ने भी भाग लिया। 26/11 हमले के बाद समुद्री सुरक्षा को लेकर ऐसे अभ्यासों का महत्व बढ़ गया है।

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड

CIN: L67120MH1991PLC064106

पंजीकृत कार्यालय: एक्सप्रेस जोन, ए विंग, 10वीं मंजिल, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई 400 063, महाराष्ट्र

फोन: +91 22 6281 7000 | **ई-मेल:** secretarial@rathi.com | **वेबसाइट:** www.anandrathi.com

पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग जानकारी की सूचना

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समय-समय पर संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के नियम 20 और 22 के साथ पढ़ा जाने वाली कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 और 110 तथा अन्य लागू प्रावधानों (यदि कोई हो) के प्रावधानों, सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") का विनियम 44, तथा दिनांक 22 सितंबर, 2025 के नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 सहित समय-समय पर कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए परिपत्र") द्वारा जारी किए गए प्रासंगिक परिपत्र, यदि कोई हो, 'इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया' द्वारा जारी जनरल मीटिंग्स ("एसएस-2") के लिए सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड और अन्य लागू कानूनों, नियमों और रेगुलेशंस (जिनमें समय-समय पर होने वाले कानूनी बदलाव या उन्हें फिर से लागू करना शामिल है) के अनुसार, कंपनी ने गुरुवार, 05 नवंबर, 2026 को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पोस्टल बैलेट का नोटिस और एक्ट की धारा 102 के तहत एक्सप्लेनेटरी स्टेटमेंट (व्याख्यात्मक बयान) उन सदस्यों को भेज दिया है, जिनके ईमेल पते शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026 ("कट-ऑफ़ तारीख") तक कंपनी/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास रजिस्टर्ड थे। सदस्यों की सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के ज़रिए ही ली जाएगी। कंपनी पोस्टल बैलेट के ज़रिए निम्नलिखित प्रस्तावों पर सदस्यों की मंज़ूरी मांग रही है:

1	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(सी) के अंतर्गत उधार सीमा को अधिकतम 5,500 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की मंज़ूरी।	विशेष प्रस्ताव
2	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(अ)के तहत, 5,500 करोड़ रुपये तक की उधार राशि को सुरक्षित करने के लिए कंपनी की संपत्तियों पर चार्ज/बंधक (मॉर्गेज) बनाने की सीमा में वृद्धि को मंज़ूरी।	विशेष प्रस्ताव

कंपनी ने अपने सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने में सक्षम बनाने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु MUFG इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) की सेवाएं ली हैं। ई-वोटिंग अवधि का विवरण इस प्रकार है:

वोटिंग के लिए पात्रता की अंतिम तिथि	शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026
रिमोट ई-वोटिंग अवधि का प्रारंभ	शुक्रवार, 06 नवंबर, 2026 को सुबह 09:00 बजे (भारतीय समयानुसार)
रिमोट ई-वोटिंग अवधि का समापन	शनिवार, 05 दिसंबर, 2026 को शाम 05:00 बजे (भारतीय समयानुसार)

एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को इसके तुरंत बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा और सदस्यों को उक्त तिथि और समय के बाद मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। केवल वे सदस्य जिनका नाम कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026 तक कंपनी के सदस्य रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वे ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के पात्र होंगे। सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026 तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित शेयरों के अनुपात में होंगे। एक बार जब कोई सदस्य प्रस्तावों पर वोट डाल देता है, तो उसे बाद में उसमें बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। जिस व्यक्ति को पोस्टल बैलेट का नोटिस मिला है, लेकिन वह कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026 को सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल जानकारी के लिए मिला हुआ मानना चाहिए।

जिन सदस्यों के शेयर डीमैटेरियलाइज्ड मोड में हैं और जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के साथ अपना ईमेल एड्रेस पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते को संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के साथ पंजीकृत/अपडेट करें, जहां उनके डीमैट खाते हैं।

डाक मतपत्र सूचना कंपनी की वेबसाइट https://anandrathi.com/investors, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com और ई-वोटिंग एजेंसी एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों को डाक मतपत्र सूचना प्राप्त नहीं होती है, वे इसे उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने मेसर्स मनीष घिया एंड एसोसिएट्स (प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज़) को रिमोट ई-वोटिंग प्रोसेस के ज़रिए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पोस्टल बैलेट कराने के लिए स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है।

यदि प्रस्ताव स्वीकृत हो जाता है, तो इसे रिमोट ई-वोटिंग की अंतिम तिथि, यानी शनिवार, 05 दिसंबर, 2026 को पारित मान लिया जाएगा। डाक मतपत्र के परिणाम अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति के दो कार्यदिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे। उक्त परिणाम, जांचकर्ता की रिपोर्ट सहित, कंपनी की वेबसाइट https://anandrathi.com/investors, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com और ई-वोटिंग एजेंसी एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर अपलोड किए जाएंगे।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के संबंध में किसी भी प्रश्न या शिकायत के लिए, सदस्य सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली पश्चिम, मुंबई 400 083 पर लिख सकते हैं, टेलीफोन: +91-022-49186000, ईमेल: enotices@in.mpms.mufg.com या कंपनी के कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी को secretarial@rathi.com पर ईमेल भेज सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
श्री चेतन प्रजापति
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या: A39130

दिनांक: 5 नवंबर, 2026
स्थान: मुंबई

किसानों के बीच दिवाली मनाएंगे महाराष्ट्र के मंत्री : फडणवीस

मुंबई, यश भारत। महाराष्ट्र में सूखे और बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों का हौसला बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के मंत्री उनके साथ दिवाली मनाएंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि सभी मंत्रियों ने इस पहल पर सहमति जताई है। इसका उद्देश्य संकट के समय किसानों के साथ खड़े रहने का संदेश देना है।



फडणवीस के अनुसार, राज्य के 85 प्रतिशत से अधिक तहसील क्षेत्र सूखे की चपेट में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके लिए कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, यह मंत्रियों का सामूहिक निर्णय है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सूखा प्रभावित 73 लाख किसानों के बैंक खातों में दिवाली से पहले 5,000 रुपए की अंतरिम सहायता जमा कराई गई है। अगले दो दिनों में 95 प्रतिशत पात्र किसानों तक राशि पहुंचाने का लक्ष्य है। बैंक खातों से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों के कारण कुछ भुगतान लंबित हैं। सरकार किसान कर्जमाफी के जरिए भी राहत देने की दिशा में काम कर रही है।

सोना महंगा, फिर भी धनतेरस पर खरीदारी का उत्साह

मुंबई, यश भारत। धनतेरस 2026 पर सोने-चांदी की खरीदारी को लेकर बाजार में उत्साह बना हुआ है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोकड़े के अनुसार, पिछले वर्ष 6 नवंबर को 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 1,21,470 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो इस वर्ष बढ़कर करीब 1,44,288 रुपए हो गया है। इस तरह कीमतों में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इसके बावजूद मांग मजबूत बनी हुई है।



रोकड़े ने बताया कि निवेश और उपहार देने की परंपरा के चलते सोने के सिक्कों और बार की बिक्री आगे रहने की उम्मीद है। शादी के सीजन के कारण हल्के हॉलमार्क प्रमाणित आभूषणों की मांग भी बढ़ेगी। युवाओं में चांदी के सिक्कों और आभूषणों का आकर्षण बढ़ रहा है। भीड़ से बचने के लिए ग्राहक अग्रिम बुकिंग भी करा रहे हैं।

दिवाली पर निजी बसों की मनमानी, गांव जाने के लिए यात्रियों से दोगुना-तिगुना किराया

मुंबई, यश भारत। दिवाली और भाई दूज पर गांव जाने वाले यात्रियों की मजबूरी निजी ट्रैवल्स संचालकों के लिए कमाई का जरिया बन गई है। रेलवे में आरक्षण नहीं मिलने और एसटी बसों की कमी के चलते कोंकण, पश्चिम महाराष्ट्र और विदर्भ जाने वाले यात्रियों से सामान्य किराये की तुलना में दोगुना-तिगुना पैसा वसूला जा रहा है।



मुंबई से कोल्हापुर, सांगली, सोलापुर, नागपुर और कोंकण जाने वाले यात्रियों को टिकट के लिए 1,000 से 2,500 रुपए तक अतिरिक्त चुकाने पड़ रहे हैं।

परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार निजी बस संचालक एसटी के निर्धारित किराये से 50 प्रतिशत से अधिक वसूली नहीं कर सकते। इसके बावजूद ऑनलाइन बुकिंग और ट्रैवल्स एजेंटों के जरिए मनमाना किराया वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं।

रेलवे की विशेष ट्रेनों और एसटी की अतिरिक्त बसों के बावजूद भीड़ कम नहीं हुई है। यात्रियों ने परिवहन विभाग से मनमानी पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट से बीएमसी आयुक्त अश्विनी भिडे को राहत, वेतन रोकने का आदेश वापस




मुंबई, यश भारत। मुंबई महानगरपालिका आयुक्त अश्विनी भिडे को सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिली है। न्यायालय ने 3 नवंबर 2026 के अपने आदेश में संशोधन करते हुए उनके खिलाफ जारी कारण बताओ नोटिस और आयुक्त व उनके निजी कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश वापस ले लिया है।

बोरीवली पूर्व में बेस्ट बस के लिए आरक्षित भूखंड पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के मामले में न्यायालय ने यह आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान महानगरपालिका की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी. भट ने बताया कि पूर्व के न्यायालयीन आदेशों के अनुपालन के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने 3 नवंबर के आदेश के पैराग्राफ 1 से 3 वापस ले लिए।

हालांकि, आयुक्त को अगली सुनवाई से पहले व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर कार्रवाई का विस्तृत ब्योरा देना होगा। आदेश के पैराग्राफ 5 और 6 बरकरार रखे गए हैं।

जमनालाल बजाज की 137वीं जयंती पर परिवार ने जारी की विशेष श्रद्धांजलि फिल्म



मुंबई, यश भारत। बजाज समूह के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज की 137वीं जयंती पर बजाज परिवार ने उनके जीवन, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को समर्पित विशेष श्रद्धांजलि फिल्म जारी की है। बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज के नेतृत्व में परिवार की तीसरी, चौथी और पांचवीं पीढ़ी ने इसे प्रस्तुत किया है।

फिल्म में शिशिर बजाज, कुशाग्र नयन बजाज, अपूर्व बजाज और आनंदमयी बजाज ने अपने पूर्वज के विचारों और योगदान को याद किया है। महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी रहे जमनालाल बजाज को गांधीजी अपना पांचवां पुत्र मानते थे। स्वदेशी, खादी, सामाजिक समानता और आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रति उनका समर्पण फिल्म का प्रमुख विषय है।

इसमें 1931 में स्थापित हिंदुस्तान शुगर मिल्स से लेकर बजाज कंज्यूमर केयर और बजाज एनर्जी तक समूह की विकास यात्रा भी दिखाई गई है। फिल्म बजाज समूह के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 13.30 लाख की ठगी

मुंबई, यश भारत। मुंबई में साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के 79 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी से 13 लाख 30 हजार रुपए ठग लिए। उत्तर साइबर सेल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, जोगेश्वरी निवासी पीड़ित को पिछले महीने एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा का अधिकारी बताया। उसने आधार कार्ड के दुरुपयोग से बैंक खाता खोलने और करोड़ों के लेन-देन का आरोप लगाया। इसके बाद वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी में दिखाई देकर फर्जी गिरफ्तारी वारंट और सरकारी दस्तावेज भेजे।

डिजिटल अरेस्ट की धमकी से घबराए बुजुर्ग ने आरोपी के बताए खाते में 13.30 लाख रुपए भेज दिए। रकम मिलने के बाद भी आरोपी ने और पैसों की मांग की। संदेह होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ठग और रकम के लेन-देन की जांच कर रही है।

मालवणी के 14 स्कूलों पर फिलहाल नहीं होगी कार्रवाई

हाईकोर्ट की रोक



मुंबई, यश भारत। मालाड के मालवणी इलाके की 14 प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत मिली है। मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की खंडपीठ ने स्कूल बंद करने संबंधी महानगरपालिका के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाते हुए शैक्षणिक वर्ष के बीच कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया।

नाजिर खान की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि स्कूल बंद होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो सकती है और उन्हें अपूरणीय नुकसान उठाना पड़ सकता है। अदालत ने निर्देश दिया कि स्कूल अगले शैक्षणिक वर्ष से पहले सभी आवश्यक मानकों को पूरा कर महानगरपालिका के समक्ष आवेदन करें। प्रशासन नियमानुसार उस पर निर्णय लेगा।

गौरतलब है कि महानगरपालिका ने बिना अनुमति और आवश्यक सुविधाओं के अभाव में संचालित 164 स्कूलों को बंद करने के नोटिस दिए थे। इनमें मालवणी की 14 स्कूलें भी शामिल थीं। महानगरपालिका की ओर से अधिवक्ता पौर्णिमा कंथारिया ने कार्रवाई का पक्ष रखा।

आलोक अविरल के काव्य संग्रह 'काश! मुझे तुम पढ़ लेते' का भव्य विमोचन

मुंबई, यश भारत। इंडियन ऑयल से सेवानिवृत्त होने के बाद आलोक अविरल ने अपने जीवन की नई पारी की शुरुआत काव्य संग्रह 'काश! मुझे तुम पढ़ लेते' के विमोचन के साथ की। नोएडा प्राधिकरण के इंदिरा गांधी कला केंद्र में आयोजित समारोह में कॉरपोरेट, साहित्य, संगीत और कला जगत की हस्तियां शामिल हुईं।




कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री सम्मानित प्रख्यात कवि डॉ. अशोक चक्रधर ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि लक्ष्मी शंकर वाजपेयी, लेखक ओम निश्चल, शायर शाहिद अंजुम, आईपीएस अधिकारी एवं शायर कैसर खालिद, प्रभात प्रकाशन के पवन अग्रवाल, कवयित्री उर्वशी अग्रवाल 'ऊर्वी' और प्रोफेसर रहमान मुसव्विर उपस्थित रहे।

प्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, आर्यन्स बैंड के प्रमुख गायक एवं पूर्व डीजी पीआईबी डी.जे. नारायण, ग्रैमी नामांकन प्राप्त सिद्धांत भाटिया, ओएनजीसी के वित्त निदेशक अनुपम अग्रवाल, इंडियन ऑयल के पूर्व निदेशक ए.एम. सिन्हा और पूर्व वित्त निदेशक ए.के. शर्मा ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का संचालन कर्नल संजय चतुर्वेदी ने किया।

आयुष्मान और तुषार कपूर से रंगदारी मांगने वाला बेंगलुरु से गिरफ्तार

जय सिंह, यश भारत। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और तुषार कपूर को धमकी देकर करोड़ों रुपए की रंगदारी मांगने के आरोप में मुंबई क्राइम ब्रांच ने वैभव मिश्रा को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और हैरी बॉक्सर के नाम पर अभिनेताओं को धमकाया था।



पुलिस के अनुसार, आरोपी ने आयुष्मान खुराना को सोशल मीडिया पर धमकी भरा संदेश भेजकर करोड़ों रुपए मांगे थे। वहीं, तुषार कपूर को ऑडियो संदेश भेजकर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी।

शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। बिहार निवासी वैभव मिश्रा बीटेक कर चुका है और बेंगलुरु में पायथन प्रोग्रामिंग सीख रहा था। शुरुआती जांच में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से उसके सीधे संबंधों के ठोस प्रमाण नहीं मिले हैं। पुलिस अन्य संभावित पीड़ितों और सहयोगियों की भूमिका की जांच कर रही है।

म्हाडा के फ्लैट दिलाने के नाम पर महिला से 33.50 लाख की ठगी

मुंबई, यश भारत। म्हाडा के सस्ते फ्लैट दिलाने का झांसा देकर एक महिला से 33 लाख 50 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पांच साल तक कब्जा नहीं मिलने और रकम वापस न मिलने पर आग्रीपाड़ा पुलिस ने म्हाडा एजेंट अरुण राजेंद्रन देवेंद्रन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार, कालाचौकी निवासी 57 वर्षीय अनिता अरुण शिंदे को आरोपी ने चिंचपोकली के डॉक्टर कंपाउंड में 28 लाख और सातरस्ता की विघ्नेश इमारत में 5.50 लाख रुपए में दो फ्लैट दिलाने का भरोसा दिया था। महिला ने आरोपी को पूरी रकम दे दी।

आरोपी ने जल्द कब्जा देने का आश्वासन दिया, लेकिन पांच साल बीतने के बाद भी फ्लैट नहीं मिले। रकम वापस मांगने पर वह टालमटोल करने लगा और बाद में मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने अन्य लोगों से भी इसी तरह ठगी की हो सकती है।

नवी मुंबई एयरपोर्ट पर उड़ानें शिफ्ट करने का विरोध, एयर फ्रांस-एमिरेट्स ने उठाए सवाल



मुंबई, यश भारत। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को स्थानांतरित करने की योजना को लेकर अडानी समूह और विदेशी विमानन कंपनियों के बीच विवाद खड़ा हो गया है। एयर फ्रांस और एमिरेट्स सहित कुछ कंपनियों ने प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की है।

दरअसल, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1बी के पुनर्विकास से सालाना यात्री क्षमता में करीब 50 लाख की कमी आने की आशंका है। इसके मद्देनजर अडानी समूह ने 14 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की उड़ानों को अस्थायी रूप से नवी मुंबई एयरपोर्ट पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया है।

एमिरेट्स ने नवी मुंबई एयरपोर्ट पर माल ढुलाई, खानपान और अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता पर सवाल उठाए हैं। वहीं, एयर फ्रांस ने दो अलग-अलग हवाई अड्डों से उड़ानों के संचालन में आर्थिक और परिचालन संबंधी कठिनाइयां गिनाई हैं।

सूखा प्रभावितों के लिए योजनाओं का पूरा ब्योरा दे सरकार : हाईकोर्ट

मुंबई, यश भारत। महाराष्ट्र में सूखा प्रभावित किसानों और भूमिहीन खेत मजदूरों को राहत देने के मामले में मुंबई हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सभी राहत योजनाओं का विस्तृत विवरण मांगा है। मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने बुधवार को स्वाभिमानी मजदूर संगठन की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।

याचिका में मांग की गई है कि भूमिहीन खेत मजदूरों और कम आय वाले श्रमिकों को भी किसानों की तरह सूखा राहत और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिले। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, राज्य के 358 में से 305 तालुकों में सूखा घोषित होने के बावजूद भूमिहीन मजदूर राहत से वंचित हैं। जमीन के दस्तावेज और औपचारिक बैंक ऋण जैसी शर्तें उनके लिए सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में बाधा बन रही हैं। अदालत ने योजनाओं का विवरण मिलने के बाद आगे सुनवाई करने की बात कही। मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।



साहित्य और सिनेमा में उभरी मुंबई की बदलती तस्वीर

मुंबई, यश भारत। बिग बैड क्रिएटर्स की ओर से 'साहित्य, सिनेमा और मुंबई' विषय पर विशेष परिसंवाद आयोजित किया गया। इसमें बंबई से मुंबई तक के सफर और शहर के बदलते सामाजिक-सांस्कृतिक स्वरूप पर चर्चा हुई। पत्रकार-लेखक विवेक अग्रवाल ने अंडरवर्ल्ड, लेखिका रीता दास राम ने उपन्यासों, प्रो. रामबक्ष ने साहित्य पर आधारित फिल्मों, कमर हाजीपुरी ने भोजपुरी सिनेमा, राजीव रोहित ने रंगमंच और गीतकार-शायर देवमणि पांडेय ने फिल्मी गीतों में मुंबई की छवि पर विचार रखे। पत्रकार-लेखक राजेश विक्रांत ने अपनी आगामी पुस्तक 'साहित्य और मुंबई' की जानकारी दी। नीता बाजपेई और डॉ. सीमा टिबरेवाला ने भी विचार साझा किए।

विवेक अग्रवाल, रीता दास राम, देवमणि पांडेय और राजेश विक्रांत को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। शामी एम. इरफान ने संचालन और पंडित सुभाषचंद्र त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में गोपीकृष्ण बूबना, कृष्णा गौतम, शाहनवाज और सोनू पाहुजा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का 'कैफे बॉलीवुड' यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण भी हुआ।



एचएसआरपी के बिना वाहन चलाने पर कार्रवाई तेज, लाखों का जुर्माना वसूला

मुंबई, यश भारत। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। मुंबई में 1 जुलाई 2026 से अब तक नियमों का उल्लंघन करने वालों से लाखों रुपए का जुर्माना वसूला गया है। बोरीवली उप क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने सबसे अधिक कार्रवाई की है।

1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी लगाना अनिवार्य है। इसके लिए 30 जून तक समय दिया गया था। इसके बाद नियम तोड़ने पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया जा रहा है।

ताड़देव आरटीओ ने अक्टूबर में 266 वाहनों से 2.66 लाख रुपए वसूले। अंधेरी में 234 वाहनों से 2.34 लाख रुपए और वडाला में 1,224 वाहनों से 1.41 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया।



उधर, एचएसआरपी लगाने में धीमी प्रगति पर परिवहन आयुक्त राजेश नार्वेकर ने राज्य के 27 उप क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

धर्मरक्षा के लिए आखिरी सांस तक लड़ूंगा -एकनाथ शिंदे

वाराणसी में 'सनातन मार्तंड' पुरस्कार से हुए सम्मानित, 'धर्मध्वजाधारक' की भी मिली उपाधि

मुंबई, यशभारत। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सत्ता से बड़ा सिद्धांत, सत्य और अधिकार से बड़ा धर्म एवं कर्तव्य होता है। सनातन धर्म, संत समाज, भारतीय संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए वे अपने शरीर में रक्त की आखिरी बूंद रहने तक समर्पित रहेंगे। वाराणसी में आयोजित 'संस्कृति संसद 2026' में अखिल भारतीय संत समिति और गंगा महासभा की ओर से उन्हें 'सनातन मार्तंड' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें 'धर्मध्वजाधारक' की उपाधि भी प्रदान की गई।



रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में 3 से 5 नवंबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के संत-महंत, धर्माचार्य, विचारक और युवा शामिल हुए। सम्मान स्वीकार करते हुए शिंदे ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की बहनों, भाइयों, किसानों, वारकरी संप्रदाय और युवाओं का सम्मान है।

शिंदे ने काशी और महाराष्ट्र के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव, छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज की परंपरा को याद किया। उन्होंने कहा कि संभाजी महाराज ने अमानवीय यातनाएं सहन कीं, लेकिन धर्मांतरण स्वीकार नहीं किया।

उन्होंने शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्ववादी विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पालघर में साधुओं की हत्या के बाद धर्मरक्षा के लिए सत्ता छोड़ने का निर्णय लिया गया था। उनके लिए सत्ता से अधिक सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं।

शिंदे ने महाराष्ट्र में गाय को राज्यमाता का दर्जा देने, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लाडली बहन योजना का भी उल्लेख किया।

मुंबई में पहली बार सजेगा पुस्तक महोत्सव

दिग्गज साहित्यकारों-कलाकारों का होगा जमावड़ा, 600 स्टॉल पर मिलेगी साहित्य की दुनिया

मुंबई, यशभारत। मुंबई में पहली बार भव्य पुस्तक महोत्सव का आयोजन 24 से 29 नवंबर तक मुंबई विश्वविद्यालय के कलीना परिसर में होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 24 नवंबर को शाम 4 बजे इसका उद्घाटन करेंगे। मुंबई भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक अमित साटम ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य मुंबई को साहित्यिक और अकादमिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाना है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक के अनुसार महोत्सव में 600 पुस्तक स्टॉल लगाए जाएंगे और 200 से अधिक लेखक, साहित्यकार एवं वक्ता शामिल होंगे। मराठी साहित्य के लिए विशेष मंच के साथ हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगु, कन्नड़ सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं को भी स्थान मिलेगा।

फेस्टिवल के संयोजक आचार्य पवन त्रिपाठी ने बताया कि मुंबई में किताबों के प्रति रुचि बढ़ाने और पढ़ने-लिखने की परंपरा को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों को प्रतिदिन करीब एक लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह पहल लोगों को डिजिटल दुनिया की आभासी सीमाओं से बाहर निकालकर पुस्तकों, विचारों और संस्कृति से जोड़ने का प्रयास है, जिससे उनका बौद्धिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक विकास हो सके।

फेस्टिवल में महापुरुषों पर प्रदर्शनियां लगेंगी तथा बच्चों के लिए कहानी, कठपुतली, चित्रकला और सुलेख कार्यशालाएं होंगी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। फेस्टिवल में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। आयोजकों की योजना इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने और अन्य जिलों तक विस्तार देने की है।

त्योहारी भीड़ के बीच एलटीटी पहुंचे मध्य रेल महाप्रबंधक

सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश

जेदवी, यशभारत। दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे ने सुरक्षा और यात्री सुविधाओं की निगरानी तेज कर दी है। मध्य रेल के महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, टिकट व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा कर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए एलटीटी से विभिन्न गंतव्यों के लिए 98 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा एलटीटी से प्रतिदिन अप और डाउन दिशा में 54 नियमित तथा 10 विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित हो रही हैं। यात्रियों के लिए शेडयुक्त प्रतीक्षा क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर, पेयजल, शौचालय, पंखे, रोशनी, चार्जिंग पॉइंट और खानपान स्टॉल की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहायता के लिए



आरपीएफ, टिकट जांच और वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

स्टेशन पर भीड़ की वास्तविक समय में निगरानी के लिए एआई तकनीक और विशेष वॉर रूम की मदद ली जा रही है। भीड़भाड़ वाली दो ट्रेनों को एक साथ आइलैंड प्लेटफॉर्म पर नहीं लिया जा रहा है। महाप्रबंधक ने आरपीएफ और जीआरपी के साथ समन्वय बनाकर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

गन्ना किसानों का आंदोलन तेज

मुंबई-पुणे में दूध और सब्जियों की सप्लाई रोकने की चेतावनी




मुंबई, यशभारत। महाराष्ट्र में गन्ने की कीमत को लेकर किसानों का आंदोलन उग्र हो गया है। पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व में स्वाभिमानी शेतकरी संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि गन्ने के उचित दाम पर जल्द फैसला नहीं हुआ तो मुंबई और पुणे में दूध तथा सब्जियों की आपूर्ति रोक दी जाएगी। गन्ना किसानों ने प्रति टन 4,500 रुपये की पहली किस्त देने की मांग को लेकर पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोल्हापुर के किणी टोल नाके के पास अनिश्चितकालीन रास्ता रोको आंदोलन शुरू किया है। मंगलवार से शुरू हुआ आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। सातारा के नागठाणे सहित कई स्थानों पर भी किसानों ने रास्ता जाम किया है। इससे राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं और यातायात को वैकल्पिक मार्गों से मोड़ा जा रहा है। आंदोलन के कारण फंसे ट्रक चालकों ने भी नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राजू शेट्टी से आंदोलन वापस लेने की अपील की है। उन्होंने मंत्री हसन मुश्रीफ को संबंधित पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने का निर्देश दिया है। किसानों की मांग है कि चीनी मिलें गन्ने का उचित मूल्य दें।

हिंदुओं को डराने के लिए खुले में कुर्बानी

सोमैया का आरोप, दीया मिर्जा और नसीरुद्दीन शाह के नाम लेकर बीएमसी से कार्रवाई की मांग

मुंबई, यशभारत। बकरीद से पहले खुले में पशुओं की कुर्बानी को लेकर भाजपा नेता किरीट सोमैया ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को पत्र लिखकर रिहायशी इलाकों, सोसायटियों और सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी रोकने के लिए सख्त नियम बनाने तथा उनका पालन कराने की मांग की है।

सोमैया का आरोप है कि शिवाजीनगर, गोवंडी, मानखुर्द, कुर्ला, मालवणी, भायखला, भिंडी बाजार, विक्रोली पार्क साइट और घाटकोपर पश्चिम समेत कई इलाकों में खुलेआम पशुओं की कुर्बानी की जाती है।



इससे गंदगी और प्रदूषण फैलने के साथ पशुओं के प्रति क्रूरता भी होती है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों पर शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्मी हस्तियों के नाम

सोमैया ने सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा उठाया। अपनी पोस्ट में उन्होंने अभिनेत्री दीया मिर्जा, अभिनेता नसीरुद्दीन शाह, आमिर खान, शाहरुख खान, सलमान खान और शबाना आजमी के नाम लिखे।

उन्होंने मांग की कि कुर्बानी के लिए नगर निगम अलग स्थान और निर्धारित व्यवस्था उपलब्ध कराए। रिहायशी सोसायटियों तथा चालों में खुले में कुर्बानी की अनुमति नहीं होनी चाहिए। साथ ही धार्मिक नेताओं के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाकर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। सोमैया ने आरोप लगाया कि कुछ लोग हिंदुओं को डराने के उद्देश्य से खुले में कुर्बानी करते हैं।

गोकुल में भाजपा ने चुराया दूध उत्पादकों का जनादेश -राहुल गांधी

बोले- किसान कभी नहीं भूलते



मुंबई, यशभारत। कोल्हापुर के गोकुल सहकारी दूध उत्पादक संघ के चुनाव को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में घमासान तेज हो गया है। अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महायुति सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा चुनाव में हार पचाने के बजाय नियम बदलकर बहुमत हथियाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि गोकुल में दूध उत्पादकों ने भाजपा को हराया, लेकिन चुनाव के बाद नियम बदलकर चार संचालक थोपने और 12 को 16 करने की कोशिश की जा रही है। यह दूध उत्पादकों के वोटों की चोरी और जनादेश में मिलावट है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों के मतों से खिलवाड़ करने वाले यह याद रखें कि किसान कभी नहीं भूलते। दरअसल, 19 अक्टूबर को हुए चुनाव में कांग्रेस विधायक सतेज पाटिल के नेतृत्व वाले पैनल ने 25 में से 13 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया, जबकि हसन मुश्रीफ समर्थित पैनल को 12 सीटें मिलीं। इसके बाद सरकार ने चार सरकारी संचालकों को मतदान का अधिकार देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने का ऐलान किया है।

एसटी के 83 हजार कर्मचारियों की रोशन होगी दिवाली

10 हजार का बोनस, 12,500 रुपये अग्रिम; महंगाई भत्ता भी बढ़ा



मुंबई, यशभारत। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) के करीब 83 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों को दिवाली पर 10 हजार रुपए का सानुग्रह अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा पात्र कर्मचारियों को 12,500 रुपए की त्योहार अग्रिम राशि मिलेगी। साथ ही महंगाई भत्ता 58 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। परिवहन मंत्री एवं एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। सरनाईक ने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद कर्मचारियों की दिवाली की खुशियां कम नहीं होने दी जाएंगी। एसटी कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर लाखों यात्रियों को सुरक्षित परिवहन सेवा उपलब्ध कराते हैं। उनके परिश्रम को देखते हुए यह अनुदान देना उनका अधिकार है। इस निर्णय से महामंडल पर करीब 160 करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसके बावजूद कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दी गई है। सरनाईक ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के सहयोग से एसटी का भविष्य उज्ज्वल होने का विश्वास जताया।

मरीजों का विश्वास जीतना ही डॉक्टरों की असली कमाई -शिंदे

महाराष्ट्र की स्वास्थ्य सेवा को मिलेगी नई ताकत, एक साथ 1,440 डॉक्टरों की नियुक्ति


मुंबई, यशभारत। महाराष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में एक साथ 1,440 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की है। इनमें करीब 700 महिला डॉक्टर शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को नवनियुक्त डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉक्टर बनना केवल डिग्री हासिल करना है, लेकिन मरीजों का विश्वास जीतना ही उनकी असली कमाई है।



शिंदे ने कहा कि इन नियुक्तियों से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में डॉक्टरों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। डॉक्टर मरीजों को दवाओं के साथ मानसिक संबल भी दें और सभी के साथ समान व्यवहार करें। सरकार डॉक्टरों को बेहतर आवास, स्वच्छ परिसर, शुद्ध पानी, पर्याप्त दवाएं और आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य में तीन करोड़ महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। वहीं, महात्मा ज्योतिराव फुले जनआरोग्य योजना के तहत 12.50 करोड़ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा दी गई है। शिंदे ने उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉक्टरों को प्रतिवर्ष पुरस्कार देने का सुझाव भी दिया। उन्होंने नवनियुक्त डॉक्टरों से समर्पण और सेवाभाव के साथ काम कर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को देश में अग्रणी बनाने का आह्वान किया।

नवंबर में भी मुंबई में गर्मी का सितम जारी

कोलाबा में पारा 36.9 डिग्री पहुंचा, उमस से बेहाल मुंबईकर



मुंबई, यशभारत। नवंबर महीने में जहां देश के कई हिस्सों में ठंड की शुरुआत हो चुकी है, वहीं मुंबई में गर्मी और उमस का प्रकोप जारी है। गुरुवार को कोलाबा में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सांताक्रूज में पारा 36.4 डिग्री तक पहुंच गया। तापमान में अचानक बढ़ोतरी से मुंबईकरों को दिनभर गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई में फिलहाल आसमान साफ रहने का अनुमान है। गुरुवार को कोलाबा में न्यूनतम तापमान 26 डिग्री, जबकि सांताक्रूज में 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों मौसम केंद्रों पर बारिश नहीं हुई।

गर्मी के साथ शहर की हवा की गुणवत्ता भी चिंता बढ़ा रही है। मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 104 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। ऐसे में नवंबर में भी गर्मी से राहत नहीं मिलने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आमतौर पर इस समय मौसम में ठंडक महसूस होने लगती है, लेकिन इस बार मुंबई में गर्मी का असर बरकरार है।

दिवाली पर पटाखे फोड़ने की समयसीमा तय करने पर विचार करे सरकार -हाई कोर्ट

प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे को देखते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का निर्देश

मुंबई, यशभारत। दिवाली के दौरान पटाखे फोड़ने से होने वाले वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरों को देखते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को पटाखे फोड़ने के लिए समयसीमा निर्धारित करने पर विचार करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के साथ महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुंबई महानगरपालिका और पुलिस विभाग को भी इस दिशा में कदम उठाने चाहिए।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने 29 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए यह बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में दिवाली के दौरान केवल मान्य ग्रीन पटाखे फोड़ने के लिए सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक का समय निर्धारित किया था। हाई कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र में भी स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इन निर्देशों को लागू करने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट किया था कि पटाखों का अनियंत्रित इस्तेमाल वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इससे निकलने वाले सूक्ष्म कण कई दिनों तक वातावरण में बने रहते हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं।

लावणी कलाकारों ने सूखाग्रस्तों की मदद के लिए दिए एक लाख रुपए

मुख्यमंत्री सहायता निधि में किया योगदान

मुंबई, यशभारत। महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त किसानों की मदद के लिए अब सांस्कृतिक क्षेत्र भी आगे आया है। लावणी कलाकारों ने मुख्यमंत्री सहायता निधि में एक लाख रुपए का योगदान दिया है। बुधवार को सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार को इस राशि का चेक सौंपा गया। सांस्कृतिक कार्य विभाग के सचिव डॉ. किरण कुलकर्णी और पु.ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी की संचालक मीनल जोगलेकर ने चेक सुपुर्द किया।

मंत्री आशीष शेलार की पहल पर पु.ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी के नाट्यगृह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से प्राप्त राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि में जमा की जाएगी। यह अभियान 31 मार्च, 2027 तक चलाया जाएगा।

इसके तहत लावणी, संगीत, नृत्य और नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी 12 नवंबर को लता मंगेशकर के गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुति होगी। 14 नवंबर को नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं 6 दिसंबर को राहुल देशपांडे तथा जनवरी 2027 में अर्चना अनिरुद्ध और संजीवनी भेलांडे के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सरकार ने कलाकारों और सांस्कृतिक संस्थाओं से अपील की है कि वे अपनी कला के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सूखाग्रस्तों की मदद के लिए आगे आएं।

दिवाली पर मुंबई-मुजफ्फरपुर के बीच दो अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाएगा मध्य रेल

6 और 10 नवंबर को सीएसएमटी से होंगी रवाना

मुंबई, यश भारत। दिवाली के त्योहार पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मध्य रेल ने मुंबई और बिहार के बीच रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने का निर्णय लिया है। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी यात्रा सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और मुजफ्फरपुर के बीच दो अतिरिक्त दिवाली विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

मध्य रेल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, ट्रेन संख्या 01081 सीएसएमटी-मुजफ्फरपुर स्पेशल 6 और 10 नवंबर, 2026 को सुबह 5 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और अगले



दिन शाम 4:30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 01082 मुजफ्फरपुर-सीएसएमटी स्पेशल 7 और 11 नवंबर को रात 8:30 बजे मुजफ्फरपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 1:30 बजे मुंबई पहुंचेगी।

इन ट्रेनों का ठहराव दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र और हाजीपुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर होगा। वापसी की ट्रेन इगतपुरी और खंडवा में भी रुकेगी।

ट्रेन में एसी द्वितीय श्रेणी के 2, एसी तृतीय श्रेणी के 6, शयनयान के 4 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2 डिब्बों सहित कुल 16 कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 01081 की बुकिंग 5 नवंबर से रेलवे आरक्षण केंद्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। अनारक्षित टिकट यूटीएस प्रणाली से तथा रेलवन ऐप के माध्यम से भी टिकट बुक किए जा सकेंगे।

संपादकीय

कर्ज की गिरफ्त में दम तोड़ती पारिवारिक खुशियां



भोपाल के मालीखेड़ी में कर्ज के बोझ से दबे नरेंद्र साहू द्वारा मां, पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या के बाद खुद आत्महत्या कर लेने की घटना महज एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि हमारे बदलते सामाजिक और आर्थिक ढांचे पर करारा तमाचा है। एक व्यक्ति पर हर महीने करीब 40 हजार रुपये ब्याज चुकाने का दबाव था। मकान, कार और बाइक बेचने के बाद भी कर्ज खत्म नहीं हुआ। आर्थिक दबाव के साथ अन्य परिस्थितियां भी इस घटना से जुड़ी बताई जा रही हैं। सवाल यह है कि आखिर कर्ज का बोझ इंसान को किस हद तक तोड़ रहा है और हमारा समाज ऐसी परिस्थितियों को रोकने के लिए क्या कर रहा है?

आज कर्ज लेना जितना आसान हुआ है, उससे निकलना उतना ही कठिन होता जा रहा है। बैंक, फाइनेंस कंपनियां और निजी साहूकार हर जरूरत के लिए ऋण उपलब्ध करा रहे हैं। बाजार ने भी एक ऐसी संस्कृति विकसित कर दी है, जिसमें जरूरत से ज्यादा इच्छाओं को महत्व दिया जा रहा है। महंगी गाड़ी, बड़ा मकान, ब्रांडेड सामान और भव्य आयोजन सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक बना दिए गए हैं। लोग अपनी आमदनी नहीं, दूसरों की जीवनशैली देखकर खर्च करने लगे हैं। आसान किस्तों का आकर्षण भविष्य की आर्थिक परेशानियों को छिपा देता है। फिर एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लिया जाता है और परिवार ब्याज के ऐसे भंवर में फंस जाता है, जहां उसकी पूरी कमाई दूसरों की जेब में जाने लगती है।

सबसे खतरनाक स्थिति अवैध सूदखोरी की है। ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज देने वाले लोग मजबूरी का फायदा उठाते हैं। वसूली के नाम पर धमकी, अपमान और मानसिक प्रताड़ना व्यक्ति को भीतर तक तोड़ देती है। दूसरी ओर, वित्तीय संस्थानों की ऋण वसूली प्रक्रिया को भी मानवीय और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। आर्थिक संकट किसी अपराध का औचित्य नहीं हो सकता, लेकिन संकटग्रस्त व्यक्ति को समय रहते सहायता न मिलना भी व्यवस्था की गंभीर विफलता है।

अब सरकार को केवल आर्थिक विकास और ऋण वितरण के आंकड़ों से आगे बढ़कर परिवारों की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। अवैध सूदखोरी पर कठोर कार्रवाई, ऋण पुनर्गठन की सरल व्यवस्था, कानूनी सहायता और मानसिक परामर्श केंद्र स्थापित करना समय की मांग है। स्कूलों से ही वित्तीय साक्षरता की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी कर्ज और बचत का अंतर समझ सके।

समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। आखिर हम आने वाली पीढ़ी को बचत और आत्मनिर्भरता की सीख देंगे या दिखावे के लिए कर्ज लेने की आदत? प्रतिष्ठा का पैमाना महंगी गाड़ी और आलीशान मकान नहीं, बल्कि कर्जमुक्त जीवन और खुशहाल परिवार होना चाहिए। भोपाल की घटना एक भयावह चेतावनी है। कर्ज की समस्या को केवल व्यक्ति की निजी विफलता मानकर छोड़ना घातक होगा। आर्थिक समृद्धि का वास्तविक अर्थ तभी है, जब बाजार की चमक के पीछे परिवारों का अंधेरा न छिपा हो।

कड़वे वचन



जीवन का यहनियम याद रखो। जो आप देने वाले हैं वह आपके पास लौटके आने वाला है। कई गुना बढ़कर आने वाला है। हर किसान यह नियम जानता है, मानता है और इस पर काम करता है। वह खेत में अच्छे व बेहतरीन बीज डालता है और फसल आने का इंतजार करता है। किसान यह जानता है मगर अफसोस है कि इंसान यह नहीं जानता। दिया कभी बेकार नहीं जाता । याद रखो दे जाना ही ल जाने का मार्ग है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः-5 नवम्बर, 2026
दिन-गुरुवार, अश्विन शुक्ल 10
विक्रम संवत 2083

मेष चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ
दिन सामान्य रहने वाला है किसी की मदद करने से खुशी मिलेगी

वृष इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो
किसी विशेष कार्य को करने में दिन व्यतीत होगा लोगों की प्रशंसा मिल सकती है

मिथुन का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह
आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी दिन खुशनुमा रहने वाला है

कर्क ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
मानसिक उलझनें कम हो सकती हैं खर्चों की अधिकता बनी रहेगी

सिंह मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
दिन अनुकूल रहने वाला है माता-पिता का आशीर्वाद लेकर कार्य करें

कन्या ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
धन लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं परिवार के साथ समय व्यतीत कर सकते हैं

तुला रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
दिन उत्तम रहने वाला है सामाजिक कार्यों में गतिविधियां बढ़ेगी

वृश्चिक ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
स्वास्थ्य में पहले से अब सुधार होगा योग प्राणायाम अवश्य करें

धनु ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
घर में शुभ मांगलिक कार्य हो सकते हैं मन प्रफुल्लित रहेगा

मकर भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
साझेदारी के काम को सोच समझ कर आगे बढ़ाएं क्रोध में नियंत्रण रखें

कुंभ गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा
खर्चों की अधिकता की वजह से आर्थिक स्थिति प्रभावित रहेगी

मीन दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
वाणी में नियंत्रण रखकर कार्य करें दिन सामान्य रहने वाला है

धन्वंतरि की दिव्य विरासत और यमदीप की प्राचीन परंपरा

आरोग्य, धन और समृद्धि का पावन पर्व है धनतेरस



प्रतिवर्ष दीपावली से दो दिन पूर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 6 नवंबर को मनाया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में धनतेरस का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसे केवल धन और वैभव की प्राप्ति का पर्व मानना उचित नहीं होगा बल्कि यह आरोग्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है। इस दिन विशेष रूप से भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना की जाती है। धनतेरस का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर समुद्र से प्रकट हुए थे। उन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार तथा आयुर्वेद का प्रवर्तक माना जाता है। मान्यता है कि उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था, जो जीवन, स्वास्थ्य और अमरत्व का प्रतीक है। इसी कारण उन्हें देवताओं का वैद्य और आरोग्य का देवता कहा जाता है। समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत के माध्यम से देवताओं को अमरत्व प्राप्त हुआ था। भगवान धन्वंतरि के इसी दिव्य प्राकट्य की स्मृति में धनतेरस मनाने की परंपरा प्रचलित हुई।

भगवान धन्वंतरि का संबंध केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि उनका आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा परंपरा में भी विशेष स्थान है। आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान माना गया है, जिसका उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं बल्कि शरीर और मन को स्वस्थ रखते हुए दीर्घ एवं संतुलित जीवन प्रदान करना है। यही कारण है कि धनतेरस का दिन चिकित्सकों, वैद्यों और चिकित्सा जगत से जु? लोगों के लिए भी विशेष महत्व रखता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा कर लोग परिवार के आरोग्य, निरोगी काया और दीर्घायु की कामना करते हैं। धनतेरस हमें यह संदेश भी देता है कि वास्तविक धन केवल सोना, चांदी और संपत्ति नहीं बल्कि अच्छा स्वास्थ्य, मानसिक शांति और संतोषपूर्ण जीवन है। इसलिए इस पर्व का मूल भाव धन के साथ आरोग्य और समृद्धि की मंगलकामना करना है।

धनतेरस के पर्व पर भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा के साथ मृत्यु के देवता यमराज के पूजन तथा दीपदान का भी विशेष विधान है। इस दिन संध्याकाल में घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा की ओर यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है, जिसे 'यम दीपक' अथवा 'यमदीपदान' कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से परिवार के सदस्यों को अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है और घर में सुख-समृद्धि तथा मंगल बना रहता है। इस परंपरा के पीछे एक अत्यंत रोचक और भावुक पौराणिक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार, एक बार यमराज ने अपने दूतों से पूछा कि प्राणियों के प्राण हरते समय क्या कभी ऐसा अवसर भी आया, जब किसी व्यक्ति के प्रति तुम्हारे मन में दया उत्पन्न हुई हो और तुम्हारा हृदय करुणा से भर उठा हो? यमराज का प्रश्न सुनकर यमदूतों ने उत्तर दिया कि वे तो केवल उनकी आज्ञा का पालन करने वाले सेवक हैं। उनका कार्य निर्धारित समय पर जीवों के प्राण लेना है, इसलिए दया और मोह-माया का उनके कार्य में कोई स्थान नहीं है। हालांकि, यमराज द्वारा निर्भय होकर सच बताने का आश्वासन दिए जाने पर उन्होंने एक ऐसी घटना का उल्लेख किया, जिसने उन्हें भी भीतर तक विचलित कर दिया था।

यमदूतों ने बताया कि एक बार हंस नाम का राजा शिकार के लिए जंगल में गया था। शिकार करते समय वह अपने साथियों से बिछु?कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने अतिथि धर्म का पालन करते हुए उसका खूब आदर-सत्कार किया। संयोगवश उसी दिन राजा हेमा की पत्नी ने एक अत्यंत सुंदर पुत्र को जन्म दिया। राजपरिवार में खुशियां छा गई लेकिन ज्योतिषियों ने नवजात राजकुमार की कुंडली देखकर भविष्यवाणी की कि विवाह के ठीक चार दिन बाद उसकी मृत्यु हो जाएगी। यह सुनकर राजा और रानी शोकाकुल हो उठे। उन्होंने अपने पुत्र को इस अनिष्ट से बचाने के लिए उसे यमुना नदी के किनारे एक निर्जन गुफा में रखवा दिया। वहां उसके पालन-पोषण की राजसी व्यवस्था की गई और विशेष सावधानी बरती गई कि उस पर किसी युवती की छाया तक न प?े। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। एक दिन संयोगवश राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर पहुंच गई। वहां उसकी दृष्टि राजकुमार पर प?ी और दोनों एक-दूसरे को देखते ही मोहित हो गए। उनके बीच प्रेम उत्पन्न हुआ और उन्होंने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया। दुर्भाग्यवश, ज्योतिषियों की भविष्यवाणी के अनुसार विवाह के चार दिन बाद ही राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने अपने जीवन में उस नवविवाहित जो? जैसा सुंदर और प्रेमपूर्ण युगल कभी नहीं देखा था। दोनों कामदेव और रति के समान प्रतीत होते थे। राजकुमार के प्राण हरने के बाद जब उसकी नवविवाहिता पत्नी ने विलाप करना शुरू किया तो उसका करुण क्रंदन सुनकर यमदूतों का हृदय भी द्रवित हो उठा। यह पूरा वृत्तांत सुनने के बाद यमराज ने कहा कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ उनके निमित्त दीपदान करने से अकाल मृत्यु के भय से रक्षा होती है। तभी से धनतेरस पर यमदीपदान की परंपरा प्रचलित होने की मान्यता है। इसी विश्वास के चलते लोग संध्याकाल में घर के बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीपक जलाकर यमराज से परिवार के सभी सदस्यों की लंबी आयु और आरोग्य की प्रार्थना करते हैं।

धनतेरस पर खरीदारी की भी विशेष परंपरा है। इस दिन पुराने और टूटे-फूटे बर्तनों के स्थान पर नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। विशेष रूप से तांबे, पीतल और चांदी के बर्तन खरीदने की परंपरा है। अनेक लोग सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के और अन्य उपयोगी वस्तुएं भी खरीदते हैं। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख, सौभाग्य और समृद्धि लेकर आती हैं। कुछ परिवारों में नई झा? खरीदकर उसका पूजन करने की भी परंपरा है।

(लेखक- योगेश कुमार गोयल)

अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में ऐतिहासिक हार का महा झटका!

ट्रंप की वैश्विक साख पर प्रहार! टूटा भ्रम



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे पुराने लोकतंत्र व विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या यूँ कहें कि पूरे विश्वपर अनौपचारिक रूप से राज करने वाले अमेरिका के मध्यावधि चुनावों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ ला दिया है। अभी वर्तमान विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट,दोनों में बहुमत हासिल कर लिया है। हालांकि अमेरिका के इतिहास में यह कोई पहली बार नहीं हुआ है।पिछले 20 वर्षों में पांच मिडटर्म चुनाव हुए। इन सभी में राष्ट्रपति की पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में सीटें गंवाईं। यह परिणाम केवल विपक्ष की चुनावी सफलता नहीं, बल्कि महंगाई, जीवन- यापन की लागत, ईरान युद्ध और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के प्रति मतदाताओं की नाराजगी का संकेत भी है, ऐसा माना जा रहा है कि जिसका पहले से ही अंदेशा भी था? मीडिया के अनुसार, विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स ने प्रतिनिधि सभा में बहुमत के लिए आवश्यक 218 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया और सीनेट पर भी नियंत्रण हासिल किया।चुनावी गणित-कांग्रेस के दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स की वापसी करीब करीब सुनिश्चित हो गई है प्रतिनिधि सभा 225 - डेमोक्रेट्स 137 रिपब्लिकन सीटें घोषित बहुमत- 218 / 435 सीनेट 51+, डेमोक्रेटिक गठबंधन बहुमत का आंकड़ा पार,बहुमत- 51/ 100,4 नवंबर को उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार,प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट्स ने 225 और रिपब्लिकन ने 137 सीटें जीत ली थीं, बस मिनट में 54 सीटें प्राप्त कर ली थी,जबकि शेष सीटों पर मतगणना जारी थी। सीनेट में भी डेमोक्रेट्स नेरिपब्लिकन बहुमत समाप्त कर दिया। कई महत्वपूर्ण रिपब्लिकन सीटों पर डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों की जीत ने सत्ता का संतुलन बदल दिया। अंतिम प्रमाणित सीटों की संख्या राज्यवार मतगणना और प्रमाणन के बाद स्पष्ट होगी। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों की तुलना भारत की संसद से की जा सकती है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा भारत की लोकसभा के समान जनता का प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व करती है। इसकी सभी 435 सीटों पर हर दो वर्ष में चुनाव होता है। अमेरिकी सीनेट भारत की राज्यसभा की तरह एक उच्च सदन है, लेकिन दोनों में महत्वपूर्ण अंतर हैं। अमेरिकी सीनेट में 100 सदस्य होते हैं, प्रत्येक राज्य से दो,और उनका कार्यकाल छह वर्ष होता है।भारत में राज्यसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 है, वर्तमान संवैधानिक सीमा के अंतर्गत 245 सदस्य हो सकते हैं, जिनमें 12 राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होते हैं। राज्यसभा स्थायी सदन है और इसके लगभग एक- तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं।

साथियों बात अगर हम ट्रंप की हार

कार्यकाल नहीं, राजनीतिक शक्ति पर असर को समझने की करें तो मिडटर्म चुनाव राष्ट्रपति का चुनाव नहीं है। ट्रंप का चार वर्ष का राष्ट्रपति कार्यकाल जनवरी 2029 तक जारी रहेगा। चुनाव में हार से उनका कार्यकाल छोटा नहीं होगा, लेकिन कानून पारित करना, बजट मंजूर कराना और प्रशासनिक नियुक्तियों को आगे बढ़ाना कठिन हो सकता है।डेमोक्रेटिक बहुमत वाली समितियां अब ट्रंप प्रशासन के फैसलों,सरकारी खर्च, आव्रजन नीति, व्यापारिक टैरिफ और युद्ध संबंधी निर्णयों की जांच कर सकती हैं।महाभियोग की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है, लेकिन केवल चुनाव हारने से महाभियोग स्वतः नहीं होता। राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए प्रतिनिधि सभा में महाभियोग और सीनेट में दोषसिद्धि के लिए दो-तिहाई समर्थन आवश्यक है।पिछले 20 वर्षों में2006 2010, 2014, 2018 और 2022 के पांच मिडटर्म चुनाव हुए। इन सभी में राष्ट्रपति की पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में सीटें गंवाईं। जॉर्ज डब्ल्यू. बुश, बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के कार्यकालों में यह राजनीतिक पैटर्न दिखाई दिया। सीनेट में स्थिति अलग रही- 2006 और 2014 में राष्ट्रपति की पार्टी ने नियंत्रण गंवाया, जबकि 2010, 2018 और 2022 में बहुमत बरकरार रखा या मजबूत किया। यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति बताती है कि मिडटर्म चुनाव अक्सर राष्ट्रपति के लिए जनमत की सटीकता से परीक्षा होते हैं। साथियों बात अगर हम अब ट्रंप की नीतियों का क्या होगा? इसको समझने की करें तो,डेमोक्रेटिक नियंत्रण से ट्रंप की नीतियों पर संसदीय अंकुश बढ़ेगा, लेकिन उनकी सभी नीतियां स्वतः समाप्त नहीं होंगी।टैरिफ और अमेरिका फर्स्ट- कांग्रेस को विदेशी व्यापार और आयात शुल्क पर संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। राष्ट्रपति को कुछ कानूनों के अंतर्गत टैरिफ लगाने की शक्तियां भी मिली हैं। डेमोक्रेट्स टैरिफ से जुड़े कानूनों, बजट और प्रशासनिक फैसलों की समीक्षा कर सकते हैं, लेकिन हर टैरिफ को तत्काल समाप्त नहीं कर सकते।आव्रजन और वीजा- भारतीय छात्रों,आईटी पेशेवरों और एच -1बी वीजा धारकों के लिए अधिक निष्पक्ष आव्रजन नीति की संभावना बन सकती है।हालांकि वीजा नियमों मेंबदलाव के लिए प्रशासनिक निर्णय, कानून और संबंधित एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। तत्काल वीजा राहत की गारंटी नहीं है।वेनेजुएला और विदेश नीति- वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने जैसे राजनीतिक बयानों को वास्तविक नीति या संवैधानिक प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। कांग्रेस विदेश नीति, सैन्य खर्च और प्रतिबंधों पर निगरानी बढ़ा सकती है, लेकिन राष्ट्रपति की कूटनीतिक शक्तियां बनी रहेंगी।

साथियों बात अगर हम इस मिड टर्म चुनाव 3 नवंबर 2026 में भारतीय-अमेरिकी और मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को समझने की करें तोमिशिगन में 42 वर्षीय डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सैयद ने रिपब्लिकन माइक रोजर्स को हराकर अमेरिकी सीनेट में पहुंचने वाले पहले मुस्लिम व्यक्ति बनने का इतिहास रचा।उन्होंने स्वास्थ्य सेवा,जीवन-यापन की लागत और राजनीति में कॉरपोरेट धन के प्रभाव को अपने अभियान का केंद्र बनाया। ट्रंप के तीखे हमलों के बावजूद उनकी जीत ने मुस्लिम -अमेरिकी समुदाय के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नई पहचान दी।हालांकि मुस्लिम और भारतीय- अमेरिकी मतदाताओं ने कितने प्रतिशत वोट देकर चुनाव परिणाम बदल दिया, इसका सटीक राष्ट्रीय आंकड़ा अभी उपलब्ध नहीं है। इसलिए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण कहा जा सकता है,

(लेखक-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी)

पारिवारिक रिश्तों में जहर घोल रही है डिजिटल सौतन



आज मोबाइल पर रील ओटीटी चैनल पर बढ़ता स्क्रीन टाइम पारिवारिक माहौल में जहर घोलने का काम कर रहा हैं। परिजनों के बीच भी बैठे एक ही परिवार के सदस्यों के बीच वार्तालाप के समय को इस डिजिटल सौतन ने छीन लिया है। डाइनिंग टेबल हो या ड्राइंग रूम सब की मौजूदगी में भी सब अकेले है। यह एक कटु सच्चाई है आपसी रिश्ते मोबाइल और सोशल मीडिया के निशाने पर हैं।

हाल ही में एक ऐसा ही मामला काफी सुर्खियों में आ गया जब एक ही छत के नीचे रहने वाले वरिष्ठ चिकित्सक दंपती के बीच मोबाइल डिजिटल सौतन बन गया है। पति सर्जन और पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। पति को यूट्यूब पर वीडियो देखने की लत दो वर्ष पहले पड़ी। वह घर आने के बाद पत्नी से बात करने की जगह मोबाइल पर वीडियो देखने लग जाते हैं। इससे पत्नी चिढ़ने लगीं, पति को समझाने का प्रयास किया। लत नहीं छूटी।

आगरा का यह मामला इसी गंभीर स्थिति का एक सटीक और बेहद चौंकाने वाला उदाहरण है। आगरा पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र में हाल ही में आया यह केस यह साबित करता है कि मोबाइल एडिक्शन किसी भी वर्ग या पेशे के व्यक्ति को अपना शिकार बना सकता है।

इस पूरे मामले के मुख्य बिंदुओं पर नजर डाल लीजिए। इस मामले में पति एक सर्जन हैं और पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। दोनों ही उच्च शिक्षित और प्रतिष्ठित पेशेवर हैं।

डॉक्टर पति को पिछले दो साल से यूट्यूब पर वीडियो और रील्स देखने की गंभीर लत लग गई थी। अस्पताल से घर लौटने के बाद वे पत्नी से बात करने के बजाय घंटों मोबाइल स्क्रीन में खोए रहते थे।

पत्नी ने काउंसलिंग के दौरान अपनी नाराजगी और लाचारी जाहिर करते हुए एक बेहद तीखी बात कही। उन्होंने कहा, वीडियो देखने से अच्छा है कि पति नशा या शराब ही पी लिया करें, कम से कम उस बहाने मुझसे बात तो करेंगे। यह बयान दिखाता है कि पार्टनर की डिजिटल अनदेखी किसी को किस हद तक मानसिक रूप से आहत कर सकती है।

आगरा कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर और काउंसलर्स के मुताबिक, इस दंपती की दो बार काउंसलिंग की जा चुकी है, जिसके बाद उनके बीच का तनाव और कड़वाहट धीरे-धीरे कम हो रही है।

आगरा पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़े बताते हैं कि वहां आने वाले वैवाहिक विवादों के कुल मामलों में से 35 से 40 प्रतिशत मामले केवल मोबाइल स्क्रीन टाइम और डिजिटल एडिक्शन के कारण आ रहे हैं। अब शराब की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप से भी बड़ी वजह यह डिजिटल सौतन बनती जा रही है

अकेले में मोबाइल की स्क्रीन देखकर अपने चेहरे के भाव बदलते रहते हैं। यह अकेला मामला नहीं है, पति-पत्नी के बीच मोबाइल डिजिटल सौतन की जगह ले रहा है। घर और परिवार से दूर रहने वालों के बीच दूरियां कम करने वाला मोबाइल एक छत के नीचे रहने वाले पति-पत्नी के बीच अनदेखी डिजिटल दीवार खड़ी कर रहा है।घर में मोबाइल को अधिक समय देना, बार-बार वाट्सएप चेक करना और चैट करना पति-पत्नी के रिश्तों में रार पैदा कर रहा है। परिवार परामर्श केंद्र में वर्तमान में एक हजार से अधिक मामले पहुंचे, जिनमें 35 से 40 प्रतिशत मामले मोबाइल के चलते होने वाली रार के थे। पिछले तीन वर्ष मे इस तरह के मामलों में बढोत्तरी हुई है। इससे पहले पति-पत्नी का एक दूसरे पर किसी और से प्रेम संबंध होने का शक करने के मामले अधिक थे। एक अध्ययन में अमेरिका के 40,337 बच्चों और किशोरों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया था। इसमें पाया गया कि 14 से 17 साल के जिन किशोरों ने रोजाना सात घंटे या उससे अधिक स्क्रीन का इस्तेमाल किया उनमें एक घंटे तक स्क्रीन इस्तेमाल करने वालों की तुलना में डिप्रेशन या एंग्जायटी में होने की संभावना दोगुने से ज्यादा थी। लेकिन यह अध्ययन दोनों के बीच संबंध दिखाता है इसमें यह साबित नहीं होता है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का एकमात्र कारण है। फिर भी इस आकड़े के नतीजे से डिजिटल आदतों पर ध्यान देने की जरूरत बढ़ जाती है।

अगर आप अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते है तो इसकी शुरुआत छोटे बदलावों से की जा सकती है। जिसमें खाना खाते समय फोन दूर रखें, दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत के दौरान नोटिफिकेशन बंद करें और दिन में कुछ समय टहलने, व्यायाम करने या कोई नया शौक सीखने के लिए निकालना शुरू कर दें। वहीं सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करना और बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नजर रखना भी उपयोगी हो सकता है। इसमें ध्यान रखें कि काम, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए स्क्रीन की जरूरत अलग-अलग होती है इसलिए सभी के लिए एक ही समय-सीमा सही नहीं मानी जाएगी। आखिर में तकनीक को पूरी तरह छोड़ना जरूरी नहीं बल्कि उसका समझदारी से इस्तेमाल करना जरूरी है। देखा जाता है कि डिजिटल दुनिया से जुड़े रहने के साथ वास्तविक रिश्तों, शारीरिक गतिविधियों और खुद के लिए समय निकालना मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए बेहतर संतुलन बनाने में मदद कर सकता है।स्मार्टफोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। जिसमें पढ़ाई से लेकर ऑफिस के काम और दोस्तों से बातचीत तक कई गतिविधियां स्क्रीन के जरिए होती हैं। वहीं अब तकनीक ने जिंदगी को और भी आसान बना दिया लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डाल सकता है। जिसको देखते हुए सवाल यह है कि क्या हम तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं या धीरे-धीरे उसी पर निर्भर होते जा रहे हैं? यदि जीवन में डिजिटल संसार ने ज्ञान का अपार भंडार खोल दिया है तो दूसरी ओर जीवन में सरलता सहजता और अन्तर्मन की खुशी को कहीं न कहीं प्रभावित किया है। जीवन में बहुत कुछ सीखने पाने हासिल करना उस समय निरर्थक हो जाता है जब भीतर का आह्लाद अनुभव नहीं होता जब पास में मौजूद प्रकृति का सौंदर्य बोध ह्रदय में कोई उमंग नहीं जगाता जब पास मे मौजूद परिजनों से मिलकर बात कर कोई खुशी महसूस नहीं होती जब जीवन के अस्तित्व से जुड़ी अनुभूतियाँ क्षीण होने लगती है। **(लेखक- मनोज कुमार अग्रवाल**

ट्रंप का शिकंजा

तेल कारोबार में भारतीय दंपति समेत 9 कंपनियों पर प्रतिबंध



वॉशिंगटन(ईएमएस)। ईरान के प्रतिबंधित तेल कारोबार में मदद करने के आरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत पर फिर शिकंजा कसा है। अमेरिका ने एक भारतीय कारोबारी, उसकी पत्नी और भारत की नौ कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर ईरान के तेल कारोबार पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने में मदद करने के आरोप हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के मुताबिक, यह पूरा नेटवर्क समुद्री धोखाधड़ी के जरिए ईरान को प्रतिबंधित तेल का कारोबार जारी रखने में मदद कर रहा था। मंत्रालय ने इसे एक बड़ा आपराधिक नेटवर्क बताया है।अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने भारतीय कारोबारी सुनील कुमार शर्मा और उनकी पत्नी जसप्रीत प्रीति शाहिद को इस नेटवर्क का कथित संचालक बताया है। आरोप है कि दोनों ने जहाजों के लिए फर्जी समुद्री रजिस्ट्रेशन और झंडे से जुड़े प्रमाणपत्र तैयार कराए, ताकि ईरान का तेल ले जाने वाले जहाज अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद अपना ऑपरेशन जारी रख सकें। अमेरिकी प्रशासन ने ट्रंप सरकार के अभियान 'ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट' के तहत यह कार्रवाई की है।

इसका मकसद ईरान की तेल बिक्री और अन्य आर्थिक गतिविधियों से होने वाली कमाई रोकना है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के मुताबिक, सुनील कुमार शर्मा और उनकी पत्नी चंडीगढ़ से इस नेटवर्क का संचालन कर रहे थे। आरोप है कि दोनों ने कई देशों के समुद्री प्रशासनिक अधिकारियों की पहचान का गलत इस्तेमाल कर फर्जी समुद्री रजिस्ट्रियां तैयार कीं।रिपोर्ट के मुताबिक, इस नेटवर्क के तहत ऐसी वेबसाइटें बनाई गई थीं, जो अलग-अलग देशों की ओर से जहाजों का रजिस्ट्रेशन, उन्हें समुद्री झंडा उपलब्ध कराने, नाविकों को प्रशिक्षण देने और जहाजों के वर्गीकरण जैसी सेवाएं देने का दावा करती थीं। हालांकि, संबंधित देशों ने इन सेवाओं के लिए कोई अनुमति नहीं दी थी। इस कथित धोखाधड़ी की शुरुआत वर्ष 2014 से बताई गई है। उस समय दंपती ने कैरेबियाई देश डोमिनिका के समुद्री झंडा प्राधिकरण के रूप में खुद को पेश करने की कोशिश की थी। इसके बाद वर्ष 2023 में शर्मा ने सिंगापुर में 'एस्वातिनी मैरीटाइम अफेयर्स एंड इंटरनेशनल शिप रजिस्ट्री पीटीई लिमिटेड' नाम से एक कंपनी स्थापित की। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अनुसार, एस्वातिनी के अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से इस संगठन से अपना संबंध खारिज कर दिया था। इसके बावजूद संगठन कथित तौर पर ईरानी तेल ले जाने वाले जहाजों को पंजीकरण सेवाएं देता रहा।

ईरान की मदद करने वाले देशों को नहीं छोड़ेंगेः अमेरिका

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान की मदद करने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी रखने की कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रशासन जमीन, समुद्र या हवाई मार्ग से ईरानी शासन की मदद करने वालों को लगातार निशाना बनाता रहेगा। बेसेंट ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि तेहरान की गतिविधियों को समर्थन देने वाले लोग अमेरिकी कार्रवाई से बचने की उम्मीद न करें। उन्होंने जोर देकर कहा, जैसा कि हम कई बार कह चुके हैं, ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट के तहत या तो आप हमारे साथ हैं या हमारे खिलाफ।यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश के बहुचर्चित मध्यावधि चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को हुए इन चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी संसद का नियंत्रण हासिल कर लिया और कई अहम राज्यों में गवर्नर पदों पर भी जीत दर्ज की। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिलेगा। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को अपने मजबूत गढ़ माने जाने वाले टेक्सास, जॉर्जिया, आयोवा और ओहायो जैसे राज्यों में गवर्नर पद गंवाने पड़े। इसके अलावा टेक्सास, मेन, साउथ कैरोलिना, नॉर्थ कैरोलिना, कंसास, आयोवा और ओहायो में सीनेट की सीटों पर भी पार्टी को झटका लगा।



मोदी को डिबेट की चुनौती पर पूनावाला का राहुल पर तंज, बोले- बीजेपी के ब्लॉक स्तर के नेता से पहले बहस करें

नई दिल्ली,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खुली बहस की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनौती पर भाजपा के पूर्व प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखा पलटवार किया है। पूनावाला ने राहुल गांधी को पहले भाजपा के किसी ब्लॉक स्तर के नेता के साथ बहस करने की सलाह देते हुए कहा कि वह उस स्तर की बहस भी नहीं संभाल पाएंगे। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहस का सपना क्यों देख रहे हैं। पूनावाला ने राहुल गांधी की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आप पहले बीजेपी के किसी ब्लॉक लेवल नेता से डिबेट कर लो राहुल जी। आप उसको हैंडल नहीं कर पाओगे। किधर मोदी जी के साथ डिबेट का ख्वाब देख रहे हो। उनकी इस टिप्पणी को राहुल गांधी की डिबेट चुनौती पर भाजपा की ओर से जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खुली बहस की अपनी चुनौती को एक बार फिर सामने रखा है। उन्होंने युवाओं से इस मुद्दे पर उनकी राय पूछते हुए एक्स पर सवाल किया कि क्या वे राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी के बीच ओपन डिबेट देखना चाहते हैं।

शरद पवार फिर अस्पताल में भर्ती, डिस्चार्ज होने के कुछ घंटे बाद ही बिगड़ी तबीयत

मुंबई, यशभारत। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को बुधवार को मुंबई के



ब्रीच कैंडी अस्पताल में आगे की चिकित्सकीय जांच के लिए भर्ती कराया गया। खास बात यह है कि उन्हें कुछ घंटे पहले ही पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक से छुट्टी मिली थी। सीने में सांस लेने के दौरान दर्द (प्ल्यूरिटिक पेन) की शिकायत के बाद उन्हें दो दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आगे की जांच की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें मुंबई लाया गया। उनकी बेटी और पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनके अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फोन कर शरद पवार के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

कारगिल में सेना का वाहन 600 फीट गहरी खाई में गिरा, दो जवानों की मौत

कारगिल ,ईएमएस। लद्दाख के कारगिल में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। सेना का वाहन सड़क से फिसलकर करीब 600 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसा कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामिका ला दर्रे के पास दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ। दुर्घटना के समय वाहन में केवल दो जवान सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंचा और खाई में उतरकर दोनों जवानों के शव बरामद किए। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरा। हादसे के कारणों की विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

तमिलनाडु-केरल में ईडी की 11 जगह छापेमारी, को-ऑपरेटिव सोसायटी में करोड़ों की हेराफेरी का आरोप

नई दिल्ली ईएमएस। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को तमिलनाडु और केरल में 11 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई भारत लजना मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी और उसके प्रमोटर आर. प्रेमकुमार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई। ईडी की कोच्चि यूनिट ने पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की। एजेंसी के मुताबिक, प्रेमकुमार सोसायटी के संस्थापक सदस्य होने के साथ वास्तविक चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं। आरोप है कि उन्होंने सोसायटी में लोगों द्वारा जमा कराई गई करोड़ों रुपये की रकम अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई। जांच एजेंसी का यह भी आरोप है कि सोसायटी का रागम थिएटर गिरवी रखकर प्राप्त रकम संस्था के खाते में जमा नहीं कराई गई। इसके अलावा कांचीपुरम में करीब 500 एकड़ जमीन पत्नी के नाम पर खरीदने का आरोप भी है।

डॉक्टरों की अनिवार्य ग्रामीण सेवा मामले पर एनएमसी विचार करेः सुप्रीम कोर्ट

कर्नाटक के निजी मेडिकल छात्रों की याचिका पर सुनवाई, अगली तारीख 8 दिसंबर तय



नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के लिए एमबीबीएस पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद अनिवार्य ग्रामीण सेवा के मुद्दे पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने बुधवार को इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए एनएमसी से मामले की जांच करने को कहा।पीठ ने अपने आदेश में कहा, च्च्हम एनएमसी को निर्देश देते हैं कि वह एमबीबीएस पाठ्यक्रम पूरा करने वाले डॉक्टरों के लिए अनिवार्य ग्रामीण सेवा के मुद्दे की जांच करे।ज्ज अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 दिसंबर की तारीख तय की है।यह मामला कर्नाटक के एक डीम्ड विश्वविद्यालय से निजी सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले कुछ छात्रों की याचिका से जुड़ा है। मई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। याचिकाकर्ताओं ने कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवा आयुक्त के समक्ष अपनी शिकायत रखी थी।याचिकाकर्ताओं की मांग है कि उन्हें अनिवार्य ग्रामीण सेवा से संबंधित शपथ-पत्र देने के लिए बाध्य किए बिना आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया जाए। छात्रों का तर्क है कि ग्रामीण सेवा से जुड़ी शर्तों के कारण उनकी पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देश के बाद अब एनएमसी इस व्यवस्था और एमबीबीएस पूरा करने वाले डॉक्टरों के लिए अनिवार्य ग्रामीण सेवा लागू करने के विभिन्न पहलुओं की जांच करेगा।



हैदराबाद में 6.78 करोड़ के जाली नोट बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी। *तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाने और उन्हें बाजार में चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6.78 करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, बरामद सभी नोट 500 रुपये के हैं।*

फ्यूचर सिटी के पुलिस कमिश्नर तरुण जोशी ने बताया कि अब्दुल्लापुरमेट पुलिस और शादनगर स्पेशल ऑपरेशंस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। एक नवंबर को राष्ट्रीय राजमार्ग-65 पर रामोजी फिल्म सिटी के पास पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोककर उसमें सवार आरोपियों को पकड़ा। कार की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली नोट मिले। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर जाली नोटों के स्रोत और उनके इस्तेमाल के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि गिरोह नकली नोट कहां छापता था और उन्हें बाजार में किस तरह पहुंचाता था। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क, नकली नोट छापने के ठिकाने और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की विस्तृत जांच जारी है। बरामद नोटों की मात्रा को देखते हुए पुलिस इस गिरोह के अन्य संपर्कों और संभावित सहयोगियों का भी पता लगा रही है।

अमेरिकी चुनाव के असर से शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल, सेंसेक्स 1400 अंक चढ़ा

निफ्टी में 400 अंकों की तेजी, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में जोरदार खरीदारी; कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से निवेशकों का भरोसा बढ़ा



मुंबई, यशभारत। *अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को संसद में बहुमत गंवाने के बाद भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। गुरुवार 5 नवंबर को कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1400 अंक (1.75 प्रतिशत) उछलकर 78,700 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी में भी करीब 400 अंकों की बढ़त दर्ज की गई और यह 24,350 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। बाजार में बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी देखने को मिली।*

शेयर बाजार में इस तेजी के पीछे अमेरिकी चुनाव के नतीजों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट को प्रमुख वजह माना जा रहा है। अमेरिकी कांग्रेस में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प पर अपनी नीतियों को लेकर राजनीतिक दबाव बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसका असर वैश्विक बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है। दरअसल, अमेरिका में राजनीतिक समीकरण बदलने के बाद अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने का दबाव बढ़ने की उम्मीद है। निवेशकों को आशंका है कि युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा कीमतों में अब नरमी आ सकती है। इसी उम्मीद के चलते कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत गिरकर 94 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। दोनों ही प्रमुख कच्चे तेल के मानक करीब दो महीने के निचले स्तर पर आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए राहत भरी मानी जाती है। इससे देश के आयात बिल, महंगाई और कंपनियों की उत्पादन लागत पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद रहती है। यही वजह है कि वैश्विक घटनाक्रम के बीच घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और बाजार में चौतरफा खरीदारी का माहौल बना।

टीएमसी विधायक के कार्यालय से 1.02 करोड़ रुपये बरामद, बंगाल में सियासी घमासान



शुभेंदु बोले- बड़े भ्रष्टाचार का छोटा हिस्सा, ममता-अभिषेक पर लगाए गंभीर आरोप

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यालय से पुलिस ने 1.02 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। यह कार्यालय पार्टी के बागी विधायक शमीम अहमद का बताया जा रहा है। नकदी की बरामदगी के बाद राज्य की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इस कार्रवाई को बड़े भ्रष्टाचार का एक छोटा हिस्सा बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधा है। वहीं, टीएमसी ने पुलिस की कार्रवाई को साजिश करार देते हुए आरोप लगाया है कि निगरानी में रखे गए कार्यालय में जानबूझकर झूठे सबूत रखे गए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बरामद हुई रकम ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के कथित भ्रष्टाचार की तुलना में कुछ भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों ने राज्य का पूरा राजस्व हड़प लिया। अधिकारी ने तंज कसते हुए कहा कि यह रकम उनकी रोज की कमाई का हिस्सा थी। उनके मुताबिक, बरामद नकदी से राज्य में कथित तौर पर चल रहे बड़े भ्रष्टाचार के नेटवर्क का अंदाजा लगाया जा सकता है। डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक मजूमदार के अनुसार, कार्यालय में छापेमारी गिरफ्तार सहयोगी सुमित रॉय से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर की गई। रॉय को कथित वित्तीय गड़बड़ी के मामले में पुलिस हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने कार्यालय से मिली नकदी जब्त कर ली है और इस संबंध में जांच की जा रही है।

गंगनानी में इनोवा कार भागीरथी नदी में गिरी, चार शव बरामद

वाहन में सात लोगों के सवार होने की प्रारंभिक जानकारी

उत्तरकाशी,(ईएमएस)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी धर्मकुंड के समीप गुरुवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर भागीरथी नदी में जा गिरी। हादसे के बाद नदी किनारे से चार लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि वाहन में सवार अन्य लोगों की तलाश के लिए पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार में सात लोग सवार थे। बताया गया है कि गंगनानी धर्मकुंड से करीब 20 मीटर आगे डबरानी की ओर जाते समय इनोवा अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और 108 आपातकालीन सेवा की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देश पर राहत एवं बचाव अभियान तत्काल शुरू किया गया।

नदी किनारे चार शव मिलने के बाद मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, अन्य संभावित यात्रियों की तलाश के लिए जल पुलिस और गोताखोरों को नदी में उतारा गया है। भागीरथी नदी का तेज बहाव राहत और बचाव अभियान में बड़ी चुनौती बना। रेस्क्यू टीमें नदी के संभावित स्थानों पर लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं। प्रशासन ने आपदा प्रबंधन केंद्र और चिकित्सा दल को अलर्ट पर रखा है। जिलाधिकारी घटनाक्रम की लगातार निगरानी कर रहे हैं और अधिकारियों को बचाव अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से मृतकों की पहचान और हादसे में प्रभावित लोगों के परिजनों से संपर्क की प्रक्रिया भी जारी है।

पत्नी की नृशंस हत्या के बाद कटा सिर लेकर गांव में घूमता रहा पति

दिनाजपुर , एजेंसी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गंगारामपुर के नारायणपुर इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति अपनी पत्नी का कटा हुआ सिर हाथ में लेकर गांव की गलियों में घूमता रहा। इस खौफनाक दृश्य को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी किसी से बचने या भागने के बजाय खुलेआम इलाके में घूमता रहा। जानकारी के मुताबिक, आरोपी की पहचान रिंटू घोष के रूप में हुई है, जबकि मृतका का नाम सीमा सरकार घोष बताया गया है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी कथित तौर पर उसका कटा हुआ सिर लेकर कुछ दूर तक घूमता रहा। इसके बाद वह एक मंदिर पहुंचा और वहां बैठकर हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगा। मंदिर में इस तरह आरोपी को देखकर आसपास मौजूद लोग भी सकते में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतका का शव उसके घर से बरामद किया है। घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार भी जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वारदात से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।



नवीन, योगी और तावड़े की मौजूदगी में प्रत्याशियों के सर्वे पर मंथन

लखनऊ(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार देर रात एनेक्सी भवन में संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। विधानसभा चुनाव के ऐन पहले हुई इस बैठक में प्रत्याशिता को लेकर पार्टी के अंदरूनी सर्वे से लेकर जातिगत समीकरणों तक पर गहन चर्चा की गई।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, यूपी विधानसभा चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी शामिल हुए। कोर कमेटी की बैठक में वैसे तो पूरे प्रदेश की चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन केन्द्र में गोरखपुर क्षेत्र और पूर्वांचल ही रहा। पिछले दिनों हुए एमएलसी चुनाव परिणामों का विश्लेषण करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए रणनीतिक खाका तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में विपक्ष के वोट चोरी को लेकर जारी आंदोलन और सपा-कांग्रेस गठबंधन के जातिगत समीकरणों के काट पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में पुराने अनुभवों से सीख लेते हुए विधानसभा चुनाव में पूरी ऊर्जा से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का क्षेत्रवार जायजा लिया और जनप्रतिनिधियों को चुनावी रणनीति को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी। प्रदेश में सत्ता की हैट्रिक का मंत्र देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में जो भी पुराने कार्यकर्ता नाराज हैं, उनसे मुलाकात कर उनकी नाराजगी दूर की जाए। विधानसभा के सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए रणनीति तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की मौजूदगी में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से 2022 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्रवार मिले मतों के अंतर को पाटने पर जनप्रतिनिधि फोकस करें। पिछले दोनों चुनावों के परिणामों का आकलन कर जहां मतों का अंतर अधिक है, वहां उसकी वजह तलाशने और कमियों को दूर करने के लिए अभी से जुट जाएं। नितिन नवीन ने निर्देश दिया कि पिछले चुनावों के आंकड़ों को आधार बनाकर हर विधानसभा क्षेत्र की स्थिति का आकलन किया जाए। जिन बूथों पर पार्टी कमजोर रही है, वहां विशेष ध्यान देकर संगठन की सक्रियता बढ़ाई जाए तथा बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर संपर्क मजबूत किया जाए।



स्वस्थ रहने करें हरड़ का उपयोग

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वस्थ रहने के लिए हरड़ का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शास्त्र में इसकी सात जातियां बतायी गयी है। विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवंती और चैतकी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तीन प्रकार की होती है। छोटी हर्रे, पीली हर्रे और बड़ी हर्रे। यह तीनों एक ही वृक्ष के फल है। यह कॉम्ब्रेटेसी परिवार का पौधा है। इसका उपयोगी भाग फल है। इसका वृक्ष विशाल लगभग 80-100 फीट ऊंचा होता है। फूल छोटा, सफेद या पीले रंग का होता है। फल एक से डेढ़ इंच लंबा अंडाकार, पृष्ठ भाग पर पांच रेखाओं से युक्त, कच्चा में हरा, पकने पर धूसर पीला रंग का हो जाता है। प्रत्येक फल में एक बीज होता है। पके हुए फलों का संग्रहण अप्रैल-मई माह में करना चाहिए।

यह कफ वात व पित जनित रोगों में उपयोगी है। पाचन शक्ति बढ़ती है। खांसी, सांस, कुष्ठ, बवासीर, पुराना ज्वर, मलेरिया, गैस, अपच, प्यास, त्वचा रोग, पेशाब की जलन, आंखों के रोग, दस्त, पीलिया आदि में लाभदायक है। खट्टेपन से वात रोगों को दूर करती है। चटपटेपन से पित रोग और कसैलेपन से कफ का नाश करती है। इसका सेवन बरसात में सेंधा नमक के साथ, जोड़ों में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, बसंत ऋतु में शहद के साथ, गर्मी में गुड़ के साथ करना चाहिए।

खाना खाने से पहले इसे लेने से भूख बढ़ती है। बाद में खाने से खाना आसानी से पचता है छोटी हर्रे का चूर्ण लगभग चार से छह ग्राम रात में भोजन करने के एक से दो घंटे बाद पानी के साथ प्रयोग करने से कब्ज की समस्या दूर होती है। इसका चूर्ण गुड़ व गिलोय के काढ़े के साथ प्रयोग करने से गठिया में आराम मिलता है। इसे तंबाकू की तरह चिलम में रखकर पीने से सांस की समस्या दूर होती है मुख व गले के रोगों में इसका काढ़ा बना कर कुल्ला किया जाता है। इसका चूर्ण दो ग्राम गुड़ के साथ खाना चाहिए। छोटी हर्रे को सुपारी की तरह छोटा-छोटा टुकड़ा कर लें और दिन में खाना खाने के बाद लगभग एक टुकड़े को मुंह में डाल कर अच्छी तरह से चबाना चाहिए। इसके नियमित प्रयोग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने के प्राकृतिक स्रोत

नई दिल्ली, एजेंसी। हेल्थ एक्सपर्टस की माने तो चना और गुड़ को अपनी डाइट में शामिल करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दोनों में आयरन, कैल्शियम और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाते हैं।



गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने का प्राकृतिक स्रोत हैं। अगर आप दिनभर थकान और सुस्ती महसूस करते हैं, तो इनका नियमित सेवन आपको ऊर्जावान बनाए रख सकता है। इनमें मौजूद कैल्शियम, मिनरल्स और आयरन शरीर को आवश्यक पोषण देते हैं और कमजोरी को दूर करते हैं। इसके अलावा, पाचन तंत्र की समस्या जैसे कब्ज से राहत पाने के लिए भी यह एक कारगर उपाय है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बाहर के अस्वस्थ भोजन या अनियमित दिनचर्या के कारण कई बार पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में चना और गुड़ पेट साफ करने और पाचन क्रिया को दुरुस्त करने में सहायक होते हैं। गुड़ ब्लड को साफ करने का काम करता है, जबकि चना शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा, जो लोग अपने वजन को नियंत्रित करना चाहते हैं, उनके लिए भी यह फायदेमंद है। चने में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो भूख को नियंत्रित करके वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही, यह हड्डियों को मजबूत करने का भी काम करता है, जिससे सर्दियों में जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से बचाव होता है।

कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं। चना और गुड़ का सेवन इम्यूनिटी को मजबूत करता है और शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका नियमित सेवन करने से शरीर को संपूर्ण पोषण मिलता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव होता है। इसलिए, सेहतमंद जीवन के लिए चना और गुड़ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण हम अक्सर जरूरी पोषक तत्वों की कमी का शिकार हो जाते हैं, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



बारिश में करें तांबे के पानी का सेवन

नई दिल्ली, एजेंसी। बारिश में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने का खतरा रहता है। ऐसे में इस मौसम में तांबे के बर्तन में रखा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखता है, बल्कि कई बीमारियों से भी बचाव करता है। एक रिपोर्ट के अनुसार तांबे के बर्तन का पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होता है और ये हमें हानिकारक सूक्ष्मजीवों से बचाता है। बारिश के मौसम में जल प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे संक्रमण का डर रहता है। ऐसे में तांबे का पानी अच्छा रहता है। तांबे में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करते हैं और पानी को शुद्ध बनाते हैं। तांबे के बर्तन का पानी शुद्ध होता है और यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर स्वस्थ और मन तरोताजा रहता है। तांबे के बर्तन में पानी पीने से पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। यह भोजन को बेहतर ढंग से पचाने में सहायता करता है और पेट संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज, वात और अपच से राहत दिलाता है। इसके अलावा, यह पानी किडनी की सेहत के लिए भी लाभकारी है। यह किडनी स्टोन के खतरे को कम करता है और किडनी को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। तांबे का पानी रोग प्रतिरोधी शक्ति को भी मजबूती देता है, जो बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव में सहायक है। इसके अतिरिक्त, तांबे के पानी का नियमित सेवन त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। यह त्वचा को निखारता है और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद में भी तांबे के बर्तन में पानी पीने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के अनुसार, तांबे का पानी शरीर में त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करता है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है।

धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे

नए अध्ययन में हुआ खुलासा



नई दिल्ली, एजेंसी। कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और इसका प्रमुख कारण वायु प्रदूषण बताया जा रहा है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन विश्व कैंसर दिवस पर 'द लांसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल' में प्रकाशित हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) सहित अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने चार उप प्रकारों - 'एडेनोकार्सिनोमा' (ग्रंथि कैंसर), 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा' (त्वचा कैंसर), छोटे और बड़े 'सेल कार्सिनोमा' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर फेफड़ों के कैंसर के मामलों का अनुमान लगाने के मकसद से 'ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी 2022 डेटासेट' सहित अन्य 'डेटा' का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि एडेनोकार्सिनोमा (ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों में शुरू होता है) पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रमुख उपप्रकार बन गया है। इसके साथ ही 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वालों में फेफड़े के कैंसर के 53-70 प्रतिशत मामले इसी उप-प्रकार के पाए गए। शोधकर्ताओं ने लिखा ?कि विश्व भर के कई देशों में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी कभी धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों में फेफड़े के कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। आईएआरसी में कैंसर निगरानी शाखा के प्रमुख ने कहा ?कि धूम्रपान की आदतों में बदलाव और वायु प्रदूषण के संपर्क में आना फेफड़े के कैंसर के जोखिम में के मुख्य निर्धारकों में से हैं।

सुपर अल नीनो से मध्य प्रदेश में गर्म और शुष्क रह सकती है सर्दी, रबी फसलों पर असर की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रशांत महासागर में विकसित हो रहा शक्तिशाली सुपर अल नीनो वर्ष 2026-27 में मध्य प्रदेश सहित उत्तर और मध्य भारत की सर्दी का मिजाज बदल सकता है। मौसम के जानकारों के अनुसार इस बार सर्दी सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क रहने की आशंका है। इसका असर रबी फसलों की बुवाई से लेकर उनके उत्पादन तक पर पड़ सकता है। खासतौर पर गेहूं की फसल को लेकर चिंता जताई जा रही है, क्योंकि फरवरी-मार्च 2027 में दाना भरने के समय तापमान बढ़ने से पैदावार प्रभावित होने का खतरा है। कृषि विशेषज्ञों ने इस संभावित स्थिति को देखते हुए किसानों को समय पर बुवाई पूरी करने और कम अवधि में तैयार होने वाली गर्मी सहनशील किस्मों का चयन करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि फसल की बुवाई में देरी होने पर बढ़ते तापमान का असर अधिक पड़ सकता है। इसलिए किसानों को मौसम की परिस्थितियों और उपलब्ध सिंचाई संसाधनों को ध्यान में रखकर खेती की योजना बनानी होगी। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर), भोपाल के एसोसिएट



डॉ. पंकज कुमार के अनुसार, अल नीनो वैश्विक मौसम की संभावनाओं को प्रभावित करता है, लेकिन इसके आधार पर किसी विशेष सप्ताह के मौसम की निश्चित भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे खेती से जुड़े निर्णय भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के नियमित पूर्वानुमानों के आधार पर लें। इससे बुवाई, सिंचाई और फसल प्रबंधन के संबंध में समयानुकूल फैसले लेने में मदद मिल सकती है। अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) के आठ अक्टूबर 2026 के पूर्वानुमान के अनुसार, अक्टूबर से दिसंबर के दौरान अल नीनो के वर्ष 1950 के बाद सबसे शक्तिशाली होने की 83 प्रतिशत संभावना जताई गई है। वहीं, यूरोपीय मौसम केंद्र (ईसीएमडब्ल्यूएफ) ने नवंबर-दिसंबर में इसकी तीव्रता लगभग चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान व्यक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय मौसम मॉडल के अनुसार इसका प्रभाव मार्च से मई 2027 तक बना रह सकता है। इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान देश में दीर्घावधि औसत की तुलना में 87 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई है। यह वर्ष 2001 के बाद चौथी सबसे कम बारिश बताई गई है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। इससे रबी फसलों की बुवाई के समय खेतों की मिट्टी में पर्याप्त नमी नहीं रहने की आशंका है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ स्थानों पर बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी की स्थिति बन सकती है।

इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को मिलेगा कस्टम्स और जीएसटी का मार्गदर्शन



रिटायर्ड IRS अधिकारी देंगे टैरिफ और व्यापार नीतियों की जानकारी

मुंबई, यश भारत। इलेक्ट्रॉनिक्स आयात और निर्यात कारोबार को आसान बनाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (AIEA) वेस्ट ज़ोन ने ट्रेड ब्रिज एडवाइज़र्स LLP (TBA) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत TBA को कस्टम्स, जीएसटी और विदेश व्यापार नीति के मामलों में एसोसिएशन का नॉलेज एवं एडवाइजरी पार्टनर बनाया गया है।समझौते पर U AIEA की ओर से राष्ट्रीय महासचिव मितेश मोदी और अध्यक्ष मनोज अडवानी ने हस्ताक्षर किए। वहीं ट्रेड ब्रिज एडवाइज़र्स की ओर से फाउंडिंग पार्टनर एवं रिटायर्ड ढ्ढऋ अधिकारी आरके जैन तथा एसोसिएट पार्टनर राजीव मागू ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को आयात-निर्यात शुल्क, टैरिफ में बदलाव, मुक्त व्यापार समझौतों (FTA), जीएसटी और सरकार की नई व्यापार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रिटायर्ड IRS अधिकारियों का अनुभव कारोबारियों को नियमों और प्रक्रियाओं को समझने में मदद करेगा।ITBA सदस्यों की व्यापार संबंधी समस्याओं को संबंधित सरकारी विभागों के सामने उठाने, नीतिगत सुझाव देने और उनके समाधान में सहयोग करेगा। इसके अलावा हर तिमाही सेमिनार, संवाद सत्र और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। नए सरकारी नोटिफिकेशन और व्यापार नीतियों में बदलाव की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।IEA महासचिव मितेश मोदी ने कहा कि बदलते व्यापार नियमों के बीच सदस्यों को भरोसेमंद मार्गदर्शन मिलेगा। वहीं आरके जैन ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य सरकारी नीतियों और व्यापारियों के बीच की दूरी कम करना तथा कारोबार को सुगम बनाना है।

नौकरी के साथ आय के नए रास्ते तलाश रहे भारतीय, निवेश और फ्रीलांसिंग का बढ़ा रुझान

नई दिल्ली, एजेंसी। बढ़ती महंगाई और बदलती आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारतीयों की आय अर्जित करने की रणनीति में बदलाव दिखाई दे रहा है। अब बड़ी संख्या में लोग केवल पारंपरिक नौकरी या नियमित वेतन पर निर्भर रहने के बजाय कमाई के अतिरिक्त स्रोत अपना रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार शेयर बाजार में निवेश, ट्रेडिंग, फ्रीलांसिंग और विभिन्न व्यवसायों के जरिए लोग अपनी आय में विविधता ला रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक असेसमेंट ईयर 2026-27 में करीब 47.3 प्रतिशत करदाताओं ने आय का कम से कम एक अतिरिक्त स्रोत दर्ज किया है। चार साल पहले असेसमेंट ईयर 2022-23 में यह आंकड़ा केवल 9.5 प्रतिशत था। रिपोर्ट इस बदलाव को करदाताओं के वित्तीय व्यवहार में



आए बड़े परिवर्तन के रूप में देखती है। आय के अलग-अलग स्रोतों के साथ कर रिटर्न दाखिल करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। रिपोर्ट के अनुसार 62 प्रतिशत करदाताओं ने सामान्य आईटीआर-1 के बजाय अन्य फॉर्म का इस्तेमाल किया। वर्ष 2024-25 में ऐसे करदाताओं का अनुपात 40 प्रतिशत था। इससे संकेत मिलता है कि अधिक लोग अब ऐसी आय अर्जित कर रहे हैं, जिसके लिए विस्तृत वित्तीय जानकारी दर्ज करनी पड़ती है। पूंजीगत लाभ से होने वाली आय का उल्लेख करने वाले करदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। शेयर, म्यूचुअल फंड और अन्य निवेशों से हुए मुनाफे की जानकारी असेसमेंट ईयर 2026-27 में 41.7 प्रतिशत लोगों ने दी, जबकि दो साल पहले यह आंकड़ा 25.5 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार निवेश और ट्रेडिंग में युवाओं तथा महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है। 25 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में जटिल आईटीआर दाखिल करने का रुझान तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस आयु वर्ग के 75 प्रतिशत युवाओं ने जटिल आईटीआर फाइल किए, जबकि पिछले साल यह अनुपात 60 प्रतिशत था। यह आंकड़ा युवाओं के बीच निवेश और आय के विविध स्रोतों से जुड़ी गतिविधियों में बढ़ती भागीदारी की ओर संकेत करता है।

सोने-चांदी के आभूषण खरीदने से पहले हॉलमार्क और एचयूआईडी नंबर की करें जांच

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने और चांदी के आभूषण खरीदते समय ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचने के लिए हॉलमार्क के साथ हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर की भी जांच करनी चाहिए। सर्राफा संघ ने ग्राहकों को हॉलमार्किंग से जुड़े नियमों की जानकारी रखने और खरीदारी से पहले आभूषण की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने की सलाह दी है। संघ के अनुसार केवल दुकान में लगा भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का लोगो देखकर भरोसा करना पर्याप्त नहीं है। सर्राफा संघ ने बताया कि देश में कुल ज्वेलरी दुकानों में से 50 प्रतिशत से भी कम बीआईएस के साथ पंजीकृत हैं। ऐसे में ग्राहकों को आभूषण खरीदने से पहले संबंधित दुकान का पंजीकरण प्रमाण पत्र जांचना चाहिए। यह प्रमाण पत्र प्रतिष्ठान में प्रमुखता से प्रदर्शित होना चाहिए, ताकि ग्राहक आसानी से उसकी पुष्टि कर सकें। संघ ने यह भी कहा कि दुकानों में ग्राहकों के अधिकारों और हॉलमार्किंग नियमों की जानकारी देने वाले बीआईएस के पैम्फलेट उपलब्ध होने चाहिए। खरीदारी के



दौरान ग्राहक इन जानकारियों के आधार पर आभूषण की शुद्धता और दुकान की वैधता को लेकर सतर्क रह सकते हैं। आभूषण की पहचान और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए हॉलमार्क के साथ एचयूआईडी नंबर की जांच भी जरूरी है। एचयूआईडी एक विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक संख्या होती है, जिसके जरिए संबंधित आभूषण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सर्राफा संघ के मुताबिक केवल हॉलमार्क के निशान पर निर्भर रहने के बजाय इस नंबर की पुष्टि करना अधिक विश्वसनीय तरीका है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बीआईएस ने बीआईएस केयर ऐप उपलब्ध कराया है। इस ऐप पर एचयूआईडी नंबर दर्ज कर आभूषण से जुड़ी जानकारी जांची जा सकती है। इसके माध्यम से आभूषण की शुद्धता और वजन की पुष्टि करने के साथ उसकी तस्वीर भी देखी जा सकती है। सर्राफा संघ ने ग्राहकों को आकर्षक डील्स और कम कीमत के लालच में जल्दबाजी से खरीदारी नहीं करने की सलाह दी है। संघ का कहना है कि बिना जांच-पड़ताल के खरीदारी करने पर धोखाधड़ी की आशंका बढ़ सकती है। इसलिए ग्राहक आभूषण खरीदने से पहले दुकान के बीआईएस पंजीकरण, आभूषण पर मौजूद हॉलमार्क और एचयूआईडी नंबर की जांच अवश्य करें। बीआईएस की ओर से हॉलमार्किंग को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। हालांकि सर्राफा संघ ने कहा कि ग्राहकों की अपनी जागरूकता भी महत्वपूर्ण है। खरीदारी के समय जरूरी प्रमाणों की जांच करके ही ग्राहक आभूषण की शुद्धता को लेकर आश्वस्त हो सकते हैं।

अमेरिकी क्रिकेट को दिवालियापन से निकालने की शुरू हुई तैयारी



न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका क्रिकेट को दिवालियापन से बाहर निकालने की तैयारी शुरू हो गई है। कोर्ट नियुक्त ट्रस्टी मार्क डेनिस ने बोर्ड के लिए तीन स्वतंत्र डायरेक्टर के नाम प्रस्तावित किए हैं। इनमें सेलिना कैंग, पैट्रिक सिंगलटन और नॉर्मन वेन शामिल हैं।

नई टीम ICC से निलंबित सदस्यता बहाल कराने और अमेरिकी क्रिकेट में प्रशासनिक स्थिरता लाने की जिम्मेदारी संभालेगी। यह प्रस्ताव USA क्रिकेट के रिऑर्गेनाइजेशन प्लान का हिस्सा है, जिसे अमेरिकी बैंकरप्सी कोर्ट में दाखिल किया गया है। मेजर लीग क्रिकेट (MLC) की मालिक कंपनी अमेरिकन क्रिकेट एंटरप्राइजेज (ACE) ने भी संगठन को चलाने के लिए 29 करोड़ 68 लाख रुपए तक की अतिरिक्त फंडिंग देने का भरोसा दिया है।

जनवरी 2027 में कोर्ट की मंजूरी मिलने की उम्मीद

कोर्ट नियुक्त ट्रस्टी मार्क डेनिस ने 15 जनवरी 2027 के आसपास रिऑर्गेनाइजेशन प्लान की सुनवाई कराने का अनुरोध किया है। यह सुनवाई अधिकतम 22 जनवरी तक हो सकती है। फंडिंग व्यवस्था के लिए 29 जनवरी तक कोर्ट की मंजूरी जरूरी है। प्लान को मंजूरी मिलने और सभी शर्तें पूरी होने के बाद तीनों नए डायरेक्टर पद संभाल सकते हैं। उसी समय USA क्रिकेट के मौजूदा बोर्ड के सभी सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। नए डायरेक्टर के चयन की प्रक्रिया पर ICC और अमेरिकी ओलिंपिक एवं पैरालिंपिक समिति (USOPC) ने भी नजर रखी है।

दरअसल, USA क्रिकेट और ट्रस्ट के बीच लंबे समय से कमर्शियल समझौते को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष 2019 के शुरुआती समझौते की शर्तों के अनुरूप नया करार नहीं कर पाए थे। इसी मतभेद ने संगठन के प्रशासनिक संकट को और बढ़ाया। अब नए बोर्ड को ACE के साथ मिलकर ऐसा समझौता करना होगा, जो ICC की पहले उठाई गई आपत्तियों को भी दूर करे।

ICC सस्पेंशन के दौरान भी जारी रहेगी फंडिंग- USA क्रिकेट की ICC सदस्यता सितंबर 2025 से निलंबित है। इस कारण संगठन को ICC से फंडिंग नहीं मिल रही। ACE की रकम जुलाई में हुए पुराने सेटलमेंट के तहत तय फंडिंग के अतिरिक्त होगी। इसका इस्तेमाल संगठन के रोजमर्रा के खर्च और कामकाज के लिए किया जाएगा।

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के नए सीजन का रोमांच 14 जनवरी से

पहले मुकाबले में भिड़ेंगी बेंगलुरु और मुंबई

मुंबई, यशभारत। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के नए सीजन का रोमांच 14 जनवरी से शुरू होगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला शाम 7.30 बजे शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए वडोदरा और मुंबई को मेजबानी की जिम्मेदारी दी है।

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मुकाबले 14 से 24 जनवरी तक वडोदरा में खेले जाएंगे। इसके बाद 26 जनवरी से मुंबई में लीग के शेष मुकाबले आयोजित होंगे। लीग चरण का आखिरी मैच 3 फरवरी को दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 5 फरवरी को एलिमिनेटर और 7 फरवरी को फाइनल मुकाबला होगा। इस तरह 25 दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट में खिताब के लिए पांच टीमों के बीच मुकाबला होगा।



पांच टीमें खेलेंगी 22 मुकाबले

डब्ल्यूपीएल में पांच टीमें हिस्सा लेंगी। लीग चरण में प्रत्येक टीम दूसरी चार टीमों के साथ दो-दो मुकाबले खेलेगी। इस तरह लीग चरण में कुल 20 मैच होंगे। इसके बाद एलिमिनेटर और फाइनल सहित टूर्नामेंट में कुल 22 मुकाबले खेले जाएंगे। सभी टीमों के बीच लीग चरण में बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल तक पहुंचने की होड़ रहेगी।

दोनों चैंपियन टीमों के बीच फिर टक्कर

आरसीबी और मुंबई इंडियंस दोनों ही दो-दो बार डब्ल्यूपीएल का खिताब जीत चुकी हैं। आरसीबी ने 2024 और 2026 में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि मुंबई इंडियंस भी दो बार खिताब अपने नाम कर चुकी है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला 26 जनवरी को मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेला जाएगा। पहले ही मैच में इन दोनों मजबूत टीमों की भिड़ंत से टूर्नामेंट को शानदार शुरुआत मिलने की उम्मीद है।

यूपी वॉरियर्स और दिल्ली का अभियान

यूपी वॉरियर्स अपने अभियान की शुरुआत 15 जनवरी को गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। हालिया नीलामी में यूपी वॉरियर्स ने कई बड़े खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को मजबूत किया है। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू को 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा, जबकि ग्रेस हैरिस को भी टीम में वापस शामिल किया है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मुकाबला 16 जनवरी को आरसीबी के खिलाफ खेलेगी। दिल्ली की टीम अब तक चार बार फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रही है। इस बार टीम की कोशिश फाइनल की बाधा पार कर पहली बार चैंपियन बनने की होगी।

कुलदीप को अवसर नहीं मिलने पर मनिंदर ने उठाये सवाल

चंडीगढ (ईएमएस)। गुजरे जमाने के दिग्गज स्पिनर रहे मनिंदर सिंह ने कुलदीप यादव की लगातार उपेक्षा पर सवाल उठाये हैं। मनिंदर ने कहा है कि कुलदीप को किस कारण अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया जा रहा है ये समझ से परे है। मनिंदर के अनुसार कुलदीप का प्रदर्शन हमेशा ही अच्छा रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर के अनुसार लगता है कि टीम प्रबंधन को उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा नहीं है, इसी वजह से उन्हें हर प्रारुप में काफी कम मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो कुलदीप ने अपने एकदिवसीय करियर में 124 मैचों में 201 विकेट लिए हैं, जो मौजूदा भारतीय टीम के किसी भी अन्य गेंदबाज से अधिक हैं। इसके बावजूद, न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 सीरीज में उन्हें एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला। आम तौर पर उपमहाद्वीप के बाहर टीम संतुलन की बात कहते हुए कुलदीप को बाहर रखा जाता है। इसके तहत मुख्य कोच गौतम गंभीर नंबर 8 तक बल्लेबाजी वाली टीम को प्राथमिकता दे रहे हैं। हार्दिक के नहीं होने के कारण भारत ने आमतौर पर तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों को रखा है। इसी कार पिछले दो साल में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (सेना देश) में खेले गए 35 मुकाबलों में से कुलदीप सिर्फ तीन में ही खेल पाए हैं। मनिंदर ने कहा कि कुलदीप एकदिवसीय और टी20 के लिए सबसे अच्छे गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी उनको जगह नहीं मिल रही है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में भी प्रभावी रहेंगी। उन्होंने इंग्लैंड में हुई टेस्ट सीरीज का उदाहरण दिया, जहाँ उनका मानना था कि अगर कुलदीप को अवसर मिलता हो तो भारत वह सीरीज 3-1 से जीत जाता। मनिंदर ने कुलदीप की तुलना पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर मुरली कार्तिक से भी की, जिन्हें कप्तान सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ का पूरा भरोसा नहीं मिल पाया था। मनिंदर का मानना है कि कुलदीप यादव के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है।



भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम 19 नवंबर से होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में अपना खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में तीन जीत हासिल की है। छह देशों का ये टूर्नामेंट 19 नवंबर से भोपाल में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ मैच से करेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में एशियाई खेलों में खिताब जीता था जिससे उसके हौंसले बुलंद है। ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ऐसे में भाग ले रही सभी छह टीमें इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देंगी हालांकि भारतीय टीम को इस दौरार घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ मिलेगा। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी है। ऐसे में वह चौथी बार ये खिताब जीतना चाहेगी।भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगी।

रंग संसार



सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस कर चुके हैं शाहरुख खान

मुंबई (यशभारत)। अपने दशकों लंबे करियर में सुपरस्टार शाहरुख खान ने सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस किया है। चाहे काजोल हो या दीपिका पादुकोण, शाहरुख के साथ हर हीरोइन की जोड़ी ने सिनेमाप्रेमियों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री पर दर्शक आज तक बेशुमार प्यार लुटाते हैं। शाहरुख खान आज 61 साल के हो चुके हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर, आइए एक नजर डालते हैं शाहरुख खान की उन सात यादगार ऑनस्क्रीन जोड़ियों पर, जिन्होंने अलग-अलग दशकों में बड़े पर्दे पर प्यार की अनोखी दास्तां रची है और दर्शकों का दिल जीता है। बॉलीवुड में शायद ही कोई ऐसी ऑनस्क्रीन जोड़ी हो, जिसने शाहरुख और काजोल जैसा जादू बिखेरा हो। 1993 में बाजीगर से शुरू हुआ यह सफर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों तक पहुंचा। पर्दे पर उनका नोक-झोंक भरा अंदाज, गहरे इमोशनल सीन और सुरीले गानों ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया।

साल 2015 में आई फिल्म दिलवाले में जब दोनों दोबारा साथ आए, तो पुरानी यादें फिर से ताजा हो गईं। शाहरुख खान और जूही चावला की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई, एक अलग ही ताजगी और मिठास लेकर आई। यश बॉस, डुप्लीकेट और फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसी फिल्मों में उनकी कमाल की कॉमिक टाइमिंग और सहज रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली।

मैं बिकिनी पहनूंगी, किसी के बाप का क्या जा रहा है- सोनारिका

मुंबई (यशभारत)। मशहूर टीवी एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया द्वारा सालों पहले बिकिनी में अपनी तस्वीरें साझा करने पर भयंकर ट्रोलिंग का शिकार होने के बाद अब इस पूरे विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ट्रोलर्स को बेहद सख्त लहजे में जवाब दिया है। देवों के देवज्‌ महादेव में मां पार्वती का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं सोनारिका ने साफ कहा है कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है। सोनारिका ने बेबाक अंदाज में कहा, मैं बिकिनी पहनूंगी। किसी के बाप का क्या जा रहा है। यह पूरा मामला साल 2016 का है, जब सोनारिका मॉरीशस वेकेशन पर गई थीं और वहां से उन्होंने बिकिनी में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं। इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उनके लिए संस्कारहीन और बेशर्म जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, और कई यूजर्स ने अश्लील और भद्दे कमेंट भी किए थे। एक्ट्रेस ने बताया कि जब यह ट्रोलिंग हुई, तब देवों के देवज्‌ महादेव शो खत्म हो चुका था। इसके बाद भी वह कई सीरियल में काम कर चुकी थीं, लेकिन लोग उनका इंटरव्यू सिर्फ इस सवाल के लिए लेना चाहते थे कि पार्वती का रोल करने वाली एक्ट्रेस बिकिनी कैसे पहन सकती है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंची सोनारिका ने इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह आज भी बिकिनी पहनने से पीछे नहीं हटेंगी, और उन्हें यह सफाई क्यों देनी चाहिए कि उनके पति या पिता को उनके कपड़ों से कोई परेशानी नहीं है। एक्ट्रेस के अनुसार, असल बात यह है कि उन्हें खुद बिकिनी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने इस सोच पर सवाल उठाया कि किसी शो में किरदार निभाने का मतलब यह नहीं है कि असल जिंदगी में भी इंसान को वैसा ही रहना होगा। सोनारिका ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि अगर कोई पानी में जा रहा है तो वह बिकिनी ही पहनेगा, पानी में सूट पहनकर तो नहीं जा सकती।







गाना तू मिल जाए की शूटिंग के दौरान गर्भवती थी दीपिका

मुंबई (यशभारत)। आगामी फिल्म किंग का पहला गाना तू मिल जाए रिलीज कर दिया गया है। शाहरुख खान के जन्मदिन के अवसर पर जारी किये गए इस गाने में शाहरुख और दीपिका पादुकोण की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों का दिल जीत रही है। दोनों विदेशी लोकेशन पर एक-दूसरे की बाहों में बाहें डाले डांस करते नजर आ रहे हैं। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पाँच महीने की गर्भवती थीं। साल 2023 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्मों पठान और जवान में शाहरुख और दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब तीन साल बाद यह सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। किंग फिल्म के पहले गाने तू मिल जाए में दीपिका और शाहरुख का रोमांटिक अंदाज इस फेस्टिव सीजन को और खास बना रहा है। दीपिका ने गाने में कई अलग-अलग लुक अपनाए हैं, और उनके हर अंदाज़ को सराहना मिल रही है। यह जानकर सभी हैरान हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान दीपिका अपनी दूसरी बेटी देवी के साथ पाँच महीने की गर्भवती थीं। दीपिका ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खबर दुनिया के सामने आने के कुछ समय बाद ही शाहरुख के साथ गाने की शूटिंग के लिए केपटाउन का रुख किया था। अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी उन्होंने पूरी लगन और व्यावसायिकता के साथ गाने की शूटिंग जारी रखी। उन्होंने अपने काम के प्रति समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया.

रामायण की वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग का आंकड़ा 75 करोड़ के पार

मुंबई (यशभारत)। अपकमिंग फिल्म रामायण ने अपनी रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाना शुरू कर दिया है। नितेश तिवारी निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग का आंकड़ा 75 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। भारत में भी फिल्म के टिकटों की धड़ाधड़ बिक्री हो रही है, और यह 5 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने से पहले ही हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। रामायण की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे इसकी एडवांस बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। भारत में टिकट बिक्री में भारी उछाल आया है, और विदेश में भी फिल्म लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। दशहरे पर वर्ल्डवाइड रिलीज के लिए रामायण की एडवांस बुकिंग 15 दिन पहले ही शुरू कर दी गई थी। शुरुआती दस दिनों तक मुख्य रूप से हिंदी वर्जन के शो ही उपलब्ध थे, लेकिन अब पूरे देश में नए सिनेमाघरों में प्री-सेल्स तेजी से शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह तक फिल्म के लिए स्क्रीन्स की संख्या बढ़कर




3,500 हो गई है, जिसमें से पिछले दो दिनों में ही 1,000 स्क्रीन्स जोड़ी गई हैं। रिलीज से तीन दिन पहले तक रामायण ने भारत में एडवांस बुकिंग से 37 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन कर लिया है। इसमें से पहले दिन के लिए 22 करोड़ रुपये की कमाई हुई है, जबकि बाकी रकम एक्सटेंडेड वीकेंड में बंटी हुई है। पूरे भारत में रामायण के अब तक करीब 9 लाख टिकट एडवांस में बिक चुके हैं। हिंदी बेल्ट में फिल्म की मांग सबसे ज्यादा है, जबकि कन्नड़ और तेलुगु वर्जन्स ने भी क्रमशः 4 करोड़ और 2 करोड़ से अधिक के टिकट बेचे हैं। विदेशों में भी रामायण को लेकर जबरदस्त माहौल है। उत्तरी अमेरिका में फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले, 4 नवंबर को पेड प्रिव्यू रखे गए हैं। सोमवार सुबह तक फिल्म ने ओवरसीज मार्केट से एडवांस बुकिंग में 3.9 मिलियन डॉलर (लगभग 32 करोड़) की कमाई कर ली है, जिसमें अकेले अमेरिका के पेड प्रिव्यू से आया 1.5 मिलियन से अधिक का कलेक्शन शामिल है। नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी यह फिल्म दो पार्ट में लाई जा रही है। इसका पहला पार्ट 5 नवंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगा।

चमक देखकर न खरीदें मिठाई -मुंढे

24 हजार रुपये किलो की 'सोने वाली मिठाई' पर एफडीए का शिकंजा, अमरावती की दुकान से सैंपल लेकर जांच शुरू

मुंबई, यशभारत। दिवाली पर महंगी मिठाइयों को आकर्षक बनाने के लिए उन पर सोने और चांदी का वर्क लगाया जा रहा है। लेकिन इनकी चमक के पीछे मिलावट या धोखाधड़ी तो नहीं, इस पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने चिंता जताई है। आयुक्त तुकाराम मुंढे ने ग्राहकों से अपील की है कि केवल चमक देखकर मिठाइयां न खरीदें। अमरावती की एक दुकान में 24 हजार रुपये प्रति किलो बिक रही गोल्ड प्लेटेड मिठाई का नमूना लेकर जांच





के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई होगी।

मुंढे ने चांदी के वर्क की शुद्धता पर भी सवाल उठाते हुए ग्राहकों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने बताया कि एल्युमिनियम फॉयल और असली चांदी के वर्क के व्यवहार में अंतर होता है, लेकिन केवल रगड़कर शुद्धता की पुष्टि नहीं की जा सकती। संदेह होने पर एफडीए से शिकायत करें।

उन्होंने खुली, चमकीले रंगों वाली और कई दिनों से रखी मिठाइयों से बचने तथा ताजा मिठाई सीमित मात्रा में खरीदने की सलाह दी है।

इस बीच, 1 अक्टूबर से 3 नवंबर तक एफडीए ने राज्य में 9,666 से अधिक प्रतिष्ठानों की जांच कर 63.45 करोड़ रुपये का 3,098 मीट्रिक टन खाद्य स्टॉक जब्त किया। इस दौरान 954 लाइसेंस निलंबित और 25 रद्द किए गए।

मीरा-भाईंदर को मिलेगा अलग ट्रैफिक डीसीपी

मीरा-भाईंदर। शहर में लगातार बढ़ते वाहनों और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मीरा-भाईंदर-वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की यातायात शाखा के लिए स्वतंत्र पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) का पद सृजित करने को मंजूरी दे दी गई है। सरकार ने 3 नवंबर, 2026 को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया।

भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने शहर में बढ़ते यातायात दबाव और रोजाना लगने वाले जाम का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से स्वतंत्र डीसीपी नियुक्त करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इस पर पुलिस महानिदेशक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। स्वतंत्र डीसीपी की नियुक्ति से यातायात नियोजन, जाम नियंत्रण, यातायात नियमों के पालन और दुर्घटनाप्रवण क्षेत्रों में सुधारात्मक उपायों को गति मिलने की उम्मीद है। विधायक नरेंद्र मेहता ने इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।


दीपावली पर आकाशदीप उड़ाने और बेचने पर पाबंदी

जिलाधिकारी का आदेश, 19 नवंबर तक लागू रहेगा प्रतिबंध

ठाणे, यशभारत। दीपावली पर आकाशदीप यानी कंदील उड़ाने का शौक भारी पड़ सकता है। आग लगने और जान-माल के नुकसान की आशंका को देखते हुए ठाणे जिले में आकाशदीप उड़ाने, बेचने और भंडारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने इस संबंध में निषेधाज्ञा जारी की है।

यह आदेश 5 नवंबर की मध्यरात्रि से 19 नवंबर की मध्यरात्रि तक लागू रहेगा। इस दौरान जिले के सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में इसका पालन अनिवार्य होगा।

दीपावली के दौरान लोग घरों और इमारतों से बड़ी संख्या में जलते हुए आकाशदीप आसमान में छोड़ते हैं। हवा के साथ दूर तक जाने वाले ये कंदील जलती अवस्था में नीचे गिरने पर घरों, इमारतों और ज्वलनशील वस्तुओं में आग लगा सकते हैं।



इसी खतरे को देखते हुए ठाणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। प्रशासन ने नागरिकों और व्यापारियों से आदेश का पालन करने की अपील की है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सूखाग्रस्त किसानों की दिवाली रोशन करेगी शिवसेना

7.69 लाख राशन किट बांटने का लक्ष्य, शिवसेना की शाखाएं बनेंगी 'किसान सेवा केंद्र'



मुंबई, यशभारत। महाराष्ट्र में सूखे की मार झेल रहे किसानों की मदद के लिए शिवसेना ने 7 लाख 69 हजार दिवाली राशन किट वितरित करने का लक्ष्य रखा है। इनमें से अब तक 5 लाख 38 हजार 500 किट बांटी जा चुकी हैं। शेष किट अगले दो दिनों में वितरित की जाएंगी। शिवसेना प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद आनंद परांजपे ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर शिवसेना के मंत्री, विधायक और सांसद अगले तीन दिनों तक किसानों के खेतों में पहुंचकर उनके साथ दिवाली मनाएंगे। मराठवाड़ा, नासिक, पुणे, अमरावती और नागपुर के 278 तालुकों में राशन किट वितरित की गई हैं। इसके अलावा 10 हजार गन्ना मजदूरों को भी सहायता दी गई है।

परांजपे ने कहा कि सूखाग्रस्त क्षेत्रों में शिवसेना की शाखाएं अब 'किसान सेवा केंद्र' के रूप में काम करेंगी। यहां किसानों को सरकारी योजनाओं, मनरेगा पंजीकरण और फसल नुकसान के पंचनामे में मदद मिलेगी। किसान परिवारों की महिलाओं को 25 हजार सिलाई मशीनें और बेटियों को 25 हजार साइकिलें दी गई हैं। दिसंबर के बाद सामूहिक विवाह समारोह भी आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सहायता अभियान अगले मानसून तक जारी रहेगा।

शहाड में जाम से मिलेगी मुक्ति अब बनेगा फोरलेन फ्लाईओवर

325.93 करोड़ की परियोजना का टेंडर पूरा, जल्द शुरू होगा निर्माण; भारी वाहनों को मिलेगा अलग मार्ग

कल्याण, यशभारत। कल्याण और उल्हासनगर को जोड़ने वाले शहाड रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के साथ वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के प्रयासों से 325.93 करोड़ रुपये की यह परियोजना अब निर्माण के चरण में पहुंच गई है।

करीब 40 साल पुराना मौजूदा पुल केवल दो लेन का है। संकरा होने के कारण यहां वाहनों का दबाव रहता है और अक्सर जाम लगता है। परियोजना के तहत दो नए टू-लेन



पुल बनाए जाएंगे। पहले चरण में पुराने पुल के बगल में नया पुल बनेगा। इसके यातायात के लिए खुलने के बाद मौजूदा पुल तोड़कर उसकी जगह दूसरा पुल बनाया जाएगा। इससे कुल चार लेन की सुविधा मिलेगी।

परियोजना में मोहने रोड, पैराडाइज प्लाजा और डी-मार्ट के पास संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। मुरबाड की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए अलग मार्ग होगा। एमएमआरडीए इस परियोजना को पूरा करेगा। कुल लागत में 199.21 करोड़ रुपये सिविल कार्यों के लिए मंजूर किए गए हैं। निर्माण पूरा होने पर कल्याण-उल्हासनगर मार्ग पर जाम कम होने और आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

छह महीने से वेतन को तरसे 40 संविदा शिक्षक

घर चलाना हुआ मुश्किल

मीरा-भाईंदर, यशभारत। मीरा-भाईंदर महानगरपालिका के स्कूलों में कार्यरत 40 संविदा शिक्षक पिछले छह महीने से वेतन के इंतजार में हैं। कार्यकाल विस्तार की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उनका वेतन अटका हुआ है। इससे शिक्षकों को घर का खर्च, मकान का किराया, बच्चों की फीस और कर्ज की किस्तें चुकाने में परेशानी हो रही है। मनपा कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद समाधान नहीं मिलने से उनमें नाराजगी है।

मनपा के 36 स्कूलों में हिंदी, उर्दू, मराठी और गुजराती माध्यम के करीब 10 हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं। स्थायी शिक्षकों की कमी के चलते एक वर्ष पहले माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विभागों में 40 शिक्षकों की संविदा आधार पर नियुक्ति की गई थी। उनका कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो गया, लेकिन शिक्षा विभाग ने अब तक विस्तार की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। इसी वजह से वेतन भुगतान रुका हुआ है। शिक्षा समिति की सभापति स्नेहा शैलेश पांडे ने बताया कि उन्होंने विधायक नरेंद्र मेहता, महापौर और मनपा आयुक्त को पत्र देकर बकाया वेतन जारी करने की मांग की है। आयुक्त ने जल्द आदेश जारी कर वेतन भुगतान और शिक्षकों की शैक्षणिक अवधि बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

वसई में किन्नर समाज का दीपावली मिलन

वसई, यशभारत। प्रतीक्षा फाउंडेशन और भाजपा केरल प्रकोष्ठ महाराष्ट्र की ओर से शुक्रवार, 6 नवंबर को किन्नर समाज के लिए दीपावली स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे वसई (पश्चिम) के आनंद नगर स्थित विश्वकर्मा हॉल में होगा।

सम्मेलन में वसई की विधायक स्नेहा दुबे-पंडित प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं, वसई-विरार महानगरपालिका की नगरसेविका निम्मी दोषी और प्रतीक्षा फाउंडेशन के अध्यक्ष उत्तम कुमार की विशेष उपस्थिति रहेगी। दिल्ली, पंजाब और भोपाल से भी किन्नर समाज के प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे।

आयोजक उत्तम कुमार कोविड काल से ही किन्नर समाज को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। फाउंडेशन की ओर से हर साल दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य किन्नर समाज को सम्मान, समानता और अपनापन देना तथा सामाजिक भाईचारे को मजबूत करना है। आयोजकों ने नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

100 से अधिक प्रतिष्ठानों ने पेड़ों से हटाई बिजली की सजावट

केडीएमसी की अपील और नोटिस का असर नियम तोड़ने वालों पर मनपा की कार्रवाई

कल्याण, यशभारत। दिवाली पर पेड़ों को नुकसान पहुंचाकर की गई बिजली की सजावट हटाने की कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की अपील का असर दिखने लगा है। मनपा की नोटिस के बाद 100 से अधिक प्रतिष्ठानों ने खुद ही पेड़ों से बिजली की झालर और सजावट हटा ली है। वहीं, नियमों का उल्लंघन जारी रखने वालों के खिलाफ मनपा ने कार्रवाई की।

मनपा आयुक्त अभिनव गोयल के मार्गदर्शन में उद्यान विभाग ने शहर के सभी प्रभागों में सर्वे किया था। मुख्य उद्यान अधीक्षक संजय जाधव के नेतृत्व में जांच के दौरान 100 से अधिक स्थानों पर पेड़ों पर बिजली की सजावट मिली थी। इसके बाद संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए। एनजीटी, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश और वृक्ष संरक्षण कानून के तहत पेड़ों पर कील ठोकना, पोस्टर-बैनर लगाना और बिजली की सजावट करना प्रतिबंधित है। संजय जाधव ने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होगी।

बाढ़ में बिजली गुल होने से बचाएगा महावितरण का प्लान

वसई-विरार की बिजली व्यवस्था होगी बाढ़रोधी, मंजूरी के लिए भेजा 112.60 करोड़ का प्रस्ताव

वसई, यशभारत। जुलाई की भीषण बाढ़ में बिजली व्यवस्था ठप होने से सबक लेते हुए महावितरण ने वसई-विरार के लिए 112.60 करोड़ रुपये का विकास प्रारूप तैयार किया है। इसे शासन की मंजूरी के लिए भेजा गया है। योजना का उद्देश्य बाढ़ और अतिवृष्टि के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने से रोकना है।

जुलाई में बाढ़ के कारण 91 बिजली के खंभे गिर गए थे और 62 ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। पांच प्रमुख सबस्टेशन पानी में डूब गए थे। इसके चलते कई




इलाकों में तीन से चार दिन तक बिजली बंद रखनी पड़ी थी।

प्रस्तावित योजना में चार स्विचिंग केंद्रों और 114 डीटीसी प्लिंथ की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। छह नए आरएमयू और 3,266 फीडर मिनी पिलर लगाए जाएंगे। इसके अलावा 281 किलोमीटर एलटी केबल, नई 22 केवी लाइनें और 60 डीपी संरचनाएं बनाई जाएंगी। 2,228 स्थानों पर अर्थिंग भी की जाएगी। महावितरण के अधीक्षक अभियंता माणिक राठोड ने बताया कि निधि मिलते ही काम शुरू होगा।

आंदोलनों से जाम और शोरगुल पर मानवाधिकार आयोग का डंडा

ठाणे पुलिस आयुक्त को नोटिस, 48 घंटे में मांगी रिपोर्ट

ठाणे, यशभारत। शहर में लगातार हो रहे राजनीतिक आंदोलनों, सड़क जाम और तेज आवाज में नारेबाजी से आम नागरिकों को हो रही परेशानी पर महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने ठाणे पुलिस आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही दो दिनों में यातायात प्रबंधन की ठोस योजना



तैयार कर लागू करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी। शिवसेना (उबाठा) के विभाग प्रमुख प्रदीप पूर्णेकर की हत्या के बाद शहर में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इसके बाद लगातार हो रहे आंदोलनों से यातायात प्रभावित होने की शिकायत तीन नागरिकों ने आयोग से की है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आंदोलनों के दौरान तेज आवाज में नारेबाजी, लाउडस्पीकर का इस्तेमाल, सड़कों और फुटपाथों पर अवरोध तथा टायर जलाने की घटनाएं हो रही हैं। इससे वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.एम. बदर ने वागले एस्टेट, कापूरबावड़ी और कासार वडवली पुलिस थानों में हुए आंदोलनों की अनुमति और लाउडस्पीकर मंजूरी की जांच कर 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। बिना अनुमति रास्ते रोकने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यातायात पुलिस को दो दिनों में वैकल्पिक मार्गों की योजना लागू करने और एंबुलेंस, अग्निशमन वाहनों तथा स्कूल बसों की आवाजाही निर्बाध रखने को कहा गया है। पुलिस आयुक्त को निर्देशों के पालन की व्यक्तिगत निगरानी करने का आदेश दिया गया है।

नालासोपारा में 3,100 परिवारों की दिवाली होगी रोशन

'आनंदाची दिवाली' अभियान का आगाज, जरूरतमंदों को मिठाई और खाद्य सामग्री के बॉक्स बांटने की तैयारी

नालासोपारा, यशभारत। आर्थिक तंगी के कारण किसी परिवार की दिवाली फीकी न रहे, इसी उद्देश्य से नालासोपारा में 'आनंदाची दिवाली' अभियान की शुरुआत की गई है। अध्यक्ष कुणाल गुप्ता और उनकी युवा टीम लगातार पांचवें वर्ष इस सामाजिक पहल को आगे बढ़ा रही है। मंगलवार को अलकापुरी स्थित नालेश्वर मंदिर में अभियान के विशेष किचन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अमित दुबे, सुरेश प्रजापति, राकेश पांडे, रमेश पांडे, पवन बिड़लन, नगरसेवक चंद्रकांत गोरीवाले और राजू बरनवाल उपस्थित रहे। टीम के कुणाल गुप्ता, अक्षय ठाकुर, सूरज दुबे और सागर जेजुरकर ने अभियान की जानकारी दी। 'हर घर दिवाली, हर घर खुशियां' के संकल्प के साथ राजनीतिक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्थानीय संस्थाओं और महिला बचत समूहों के सहयोग से रवा, घी, शक्कर, तेल, बेसन और मैदा एकत्र किए जा रहे हैं। इनसे लड्डू, मिठाइयां, नमकीन और करंजी तैयार कर बॉक्स में पैक किए जाएंगे। इस वर्ष 3,100 बॉक्स आदिवासी पाड़ों, गरीब बस्तियों और मजदूर परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अमित दुबे ने युवाओं की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद परिवार भी त्योहार की खुशियों में शामिल हो सकेंगे।

पूर्णेकर की हत्या के पीछे क्लस्टर योजना का विरोध

आगरी-कोली भूमिपुत्रों ने भिवंडी में की श्रद्धांजलि सभा, जांच और पुलिस की भूमिका पर उठाए सवाल

भिवंडी, यशभारत। प्रदीप पूर्णेकर की हत्या के विरोध में आगरी-कोली भूमिपुत्र समुदाय ने भिवंडी तालुका के रहनाल स्थित कृषि समाज हॉल में श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा आयोजित की। सभा में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि क्लस्टर योजना का विरोध करने के कारण पूर्णेकर की हत्या की गई। हालांकि, यह आरोप सभा में शामिल नेताओं ने लगाया है।

उरण के ओबीसी नेता राजाराम पाटील ने कहा कि शहरी विकास विभाग की योजनाओं के माध्यम से भूमिपुत्रों के गांवों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता व्यवस्था ने हमेशा समाज का अपमान किया है। उन्होंने समुदाय के लोगों से अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

सभा में पूर्णेकर हत्याकांड की जांच और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। आयोजक अरुण पाटील ने कहा कि भूमिपुत्र समुदाय के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभा में नामदेव पाटील, भगवान ठाकुर, भरत पाटील सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

सूखाग्रस्त किसानों की मदद के लिए अष्टविनायक चौक की दिवाली रद्द

ठाणे, यशभारत। सूखे की मार झेल रहे किसानों और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए कोपरी स्थित अष्टविनायक चौक में इस वर्ष दिवाली उत्सव आयोजित नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर उत्सव, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर खर्च होने वाली पूरी राशि सूखाग्रस्त क्षेत्रों के जरूरतमंदों की सहायता के लिए दी जाएगी। यह जानकारी सांसद नरेश म्हस्के ने दी। अष्टविनायक चौक में हर साल शिंदे के मार्गदर्शन में दिवाली धूमधाम से मनाई जाती है। आकर्षक रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कारण यह आयोजन क्षेत्र की पहचान बन चुका है। हालांकि, इस बार सूखे से प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखते हुए उत्सव पर खर्च नहीं करने का निर्णय लिया गया है। म्हस्के के अनुसार, शिंदे ने शिवसैनिकों को प्रभावित इलाकों में तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। जरूरतमंदों को राशन और जीवनावश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं।

छठ पूजा की एसओपी पर सियासी संग्राम

मनसे की मांग पर शिंदे सेना का पलटवार, बोली- हिंदू त्योहारों को बनाया जा रहा निशाना

मुंबई, यशभारत। छठ पूजा से पहले मुंबई में पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की ओर से छठ पूजा के लिए विशेष मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने की मांग उठाए जाने पर शिंदे शिवसेना ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। शिंदे सेना ने आरोप लगाया कि हिंदू त्योहारों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।

मनसे उपाध्यक्ष कुशल धुरी ने सरकार और प्रशासन से छठ पूजा के दौरान प्रदूषण नियंत्रण



के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि गणेशोत्सव और दिवाली की तरह छठ पूजा के लिए भी एसओपी बनाई जानी चाहिए। पूजा के बाद समुद्र, नदियों और जलाशयों के किनारे प्लास्टिक, पूजन सामग्री और कचरा जमा होने से प्रदूषण फैलने की आशंका रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी मांग किसी धर्म या त्योहार के विरोध में नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए है।

इस पर महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष एवं शिंदे सेना नेता सिद्धेश कदम ने सवाल उठाया कि बार-बार हिंदू त्योहारों को ही निशाना क्यों बनाया जाता है? उन्होंने विपक्ष पर विद्वेष की राजनीति करने का आरोप लगाया।

वहीं, शिंदे सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने मनसे पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग केवल बालासाहेब ठाकरे की संपत्ति के वारिस हैं, उनके विचारों के नहीं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में प्रकृति और पर्यावरण को विशेष महत्व दिया गया है।

वसई-विरार में सफाईकर्मियों का धरना जारी

दो महिला कर्मचारी बेहोश



वसई-विरार, यशभारत। वसई-विरार महानगरपालिका के सफाईकर्मियों का लंबित मांगों को लेकर मनपा मुख्यालय के बाहर पिछले दो दिनों से धरना जारी है। तेज धूप और गर्मी के बीच प्रदर्शन कर रहीं दो महिला कर्मचारियों को चक्कर आने से वे बेहोश हो गईं।

आंदोलनकारियों के अनुसार, वेतन, भविष्य निधि (पीएफ), ग्रेच्युटी और अन्य वैधानिक सुविधाओं की मांग लंबे समय से लंबित है। प्रशासन की ओर से ठोस निर्णय नहीं लिए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी है।

धरने को देखते हुए मनपा मुख्यालय के बाहर भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है और मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने सभी राजनीतिक दलों से समर्थन देने और प्रशासन के साथ तत्काल बैठक कराने की अपील की है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी सफाईकर्मियों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

स्वामी,मुद्रक, प्रकाशक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस यूनिट न.04 ग्राऊंड फ्लोर एन.के. इंडस्ट्रियल गोरेगांव (E) मुम्बई से मुद्रित एवं 616/डी विंग फ्लोरल डेक प्लाजा परिसर सीएचएसएल, सेंट्रल एमआईडीसी रोड के सामने, अंधेरी ईस्ट मुंबई 400093 से प्रकाशित संपादक आशीष कुमार शुक्ला,स्थानीय संपादक विल्फ्रेड डिसूजा*
महाप्रबंधक अरुणा राजेंद्र जैन,आर.एन. आई. नं. MHHIN/25/1223/A1161 समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार* Email ID- mumbaiyashbharat@gmail.com फोन- 8767063789, 9967216271 (न्यायालय क्षेत्र अधिकार मुम्बई महाराष्ट्र)